उज्जैन
बुधवार
19
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-286
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



3 भोपाल से इंदौर-जबलपुर-ग्वालियर के लिए सीधी सड़कें

7 सरकार 5 साल में खेलों पर 36,441 करोड़ रुपये खर्चेगी


### कैबिनेट में फैसला : साइंस-टेक्नोलॉजी पर 492 करोड़ रुपए खर्च करेगी मोहन सरकार

# लाडली बहनों को मिलते रहेंगे अगले 5 साल तक रुपए

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

सीएम मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की मीटिंग हुई है। इस दौरान कई अहम फैसले लिए गए हैं। सरकार ने अगले पांच सालों में साइंस-टेक्नोलॉजी विभाग की सूरत बदलने का फैसला किया है। इसके लिए 492 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जबकि कांग्रेस के शासन काल में इस विभाग का बजट ही छह करोड़ रुपए का था। लाडली बहना योजना भी जारी रहेगी।

राज्य सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगामी 5 वर्षों के लिए 492 करोड़ से अधिक की योजनाओं संचालित करेगी। राज्य सरकार का साइंस-टेक्नोलॉजी के लिए बजट 734 करोड़ रुपये है। इस बजट से राज्य में साइंस-टेक्नोलॉजी का नक्शा ही बदल जाएगा।

#### लाडली बहनों को रक्षाबंधन का गिफ्ट

### 1500 के अलावा 250 रुपये और बैंक खातों में ट्रांसफर करेंगे सीएम

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रक्षाबंधन पर लाडली बहनों को उपहार देने वाले हैं। वह 19 अगस्त को मैहर जिले से एमपी की महिलाओं को लाडली बहना योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि 1500 रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर करेंगे, लेकिन महिलाओं के लिए गिफ्ट यह होगा कि सीएम इस राशि के अतिरिक्त 250 रुपये भी खातों में भेजेंगे। कुल मिलाकर इस महीने लाडली बहनों के खाते में 1750 रुपये आएंगे। लाडली बहनों को मिला वाले सीएम के उपहार की तारीख भी नजदीक आ गई है। मैहर में कार्यक्रम में दौरान सीएम 1.25 करोड़ से अधिक लाडली बहनों के लिए अगली किस्त ट्रांसफर करेंगे। सरकार की यह 39वीं किस्त होगी। सीएम डॉ मोहन यादव ने पिछले महीने की राशि 1.25 करोड़ से अधिक लाडली बहनों को 12 जुलाई को खातों में ट्रांसफर की थी। भिंड के लहार से योजना की किस्त जारी करते हुए बहनों के खातों में सीधे 1,835 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए थे।



### 492 करोड़ की योजनाओं का प्रावधान

दरअसल, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कैबिनेट में कई निर्णय लिए। उन्होंने विशेष तौर पर साइंस-टेक्नोलॉजी पर फोकस किया। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगामी 5 वर्षों के लिए 492 करोड़ से अधिक की योजनाओं का प्रावधान किया गया है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जहां इसका बजट मात्र 6 करोड़ था, वहीं भाजपा सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का बजट बढ़कर 734 करोड़ दिया गया है।

### कांग्रेस ने नहीं किया विकास

कैबिनेट मंत्री सिंह ने कहा कि यह अंतर स्पष्ट करता है कि कांग्रेस सरकार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की उपेक्षा की, जबकि भाजपा सरकार इसे प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि 80वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाल किले से घोषित संकल्पों की सिद्धि में मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

### लाडली बहना योजना रहेगी जारी

इसके साथ ही लाडली बहना और लाडली लक्ष्मी योजना को सरकारी सहायता मिलती रहेगी। कैबिनेट ने इन दोनों योजनाओं को अगले पांच साल तक जारी रखने का फैसला किया है। लाडली बहना योजना पर 1,14,365 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

# कोलकाता के होटल में आग, 9 की मौत, 6 घायल

## जान गंवाने वालों में बांग्लादेशी भी शामिल, इलाज कराने आए थे

**ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता**

कोलकाता के एक होटल में मंगलवार देर रात करीब 2 बजे आग लगने से नौ लोगों की मौत हो गई है। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। वहीं छह लोग घायल हैं।

फ्री स्कूल स्ट्रीट स्थित होटल ताइबा में आग लगने के समय ज्यादातर लोग सो रहे थे। इस दौरान पूरे होटल में धुआं फैल गया, जिससे दम घुटने से उनकी मौत हो गई। मृतकों में कुछ बांग्लादेशी भी हैं जो यहां इलाज कराने आए थे।

फायर सर्विस डिपार्टमेंट का मुख्यालय होटल के नजदीक ही है। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे होटल में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

दमकल विभाग के कर्मचारियों ने सीढ़ियों की मदद से होटल की खिड़कियों को तोड़ा और अंदर फंसे 28 लोगों को बाहर निकाला। उन्हें कोलकाता के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### फ्री स्कूल स्ट्रीट इलाके में रुकते हैं बांग्लादेशी

- कोलकाता के फ्री स्कूल स्ट्रीट पर कई होटल हैं, जहां बांग्लादेश से इलाज कराने और अन्य कामों के लिए आने वाले लोग रुकते हैं। मृतकों में बांग्लादेशी नागरिकों के अलावा मेघालय और पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार के रहने वाले लोग भी शामिल हैं। आग लगने की वजह फिलहाल सामने नहीं आई है।
- **17 अगस्त:** बीरभूम के होटल में आग से 9 की मौत, शॉर्ट सर्किट से हादसा
- पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में तारापीठ मंदिर के पास एक होटल में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।
- शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने की आशंका है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है।

# श्रीमती सरोज नागर के निधन पर नागर समाज में शोक

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

नागर ब्राह्मण परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र नागर की धर्मपत्नी एवं उज्जैन नागर ब्राह्मण महिला मंडल की सेवाभावी सक्रिय पदाधिकारी श्रीमती सरोज नागर का अल्प बीमारी के बाद 18 अगस्त 2026 को निधन हो गया। उनके निधन पर मेहता परिवार, उज्जैन नागर ब्राह्मण परिषद, नागर महिला मंडल, देवालय न्यास एवं श्री हाटकेश्वर समाचार पत्रिका परिवार सहित समाजजनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। श्रीमती सरोज नागर की अंतिम यात्रा बुधवार 19 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे उनके स्वनिवास सी-41/6, ऋषिनगर एक्सटेंशन, उज्जैन से चक्रतीर्थ के लिए प्रस्थान किया।



#### एमपी में यूसीसी को लेकर फैली अफवाह

## कजिन मैरिज पर बैन की खबर से भोपाल में निकाह कराने की मची होड़, वक्फ बोर्ड ने बताया षड्यंत्र

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

मध्य प्रदेश में प्रस्तावित यूनिफार्म सिविल कोड यूसीसी में कहा गया है कि नजदीकी रिश्तेदारों जैसे चचेरे-ममेरे भाई-बहन के बीच शादी पर रोक लग सकती है इसके कारण भोपाल में निकाह के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आने लगे हैं। जिन परिवारों की शादियां असल में कुछ महीनों बाद होनी थीं, वे भी कजिन के बीच शादी को लेकर फैल रही अफवाहों के कारण काज़ियों से संपर्क कर रहे हैं और निकाह से जुड़ी रस्में जल्दी पूरी कर रहे हैं। हालांकि, यह होड़ मुख्य रूप से अफवाहों और अधूरी जानकारी की वजह से लग रही है। हम बता दें कि यह उलझन तब शुरू हुई जब मध्य प्रदेश ने अपने यूनिफार्म सिविल कोड यूसीसी को राज्य कैबिनेट ने जुलाई में ड्राफ़्ट को मंजूरी दी। इस प्रस्तावित कानून का मकसद सभी धार्मिक समुदायों के लिए शादी, तलाक, विरासत और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े एक जैसे नियम बनाना है, जबकि इसमें अनुसूचित जनजातियों और संविधान द्वारा संरक्षित कुछ समुदायों को छूट दी गई है। ड्राफ्ट में कानूनी रूप से तय रिश्तेदारी के प्रतिबंधित दायरे में आने वाली शादियों पर रोक तो है, लेकिन अहम बात यह है कि इसमें एक अपवाद भी है।

#### बिहार में स्कूल गंडक में बहा, हिमाचल-उत्तराखंड में 6 मौतें, ब्रिज नदी में समाया

## प्रयागराज में लगातार तीसरे दिन बारिश, घरों में सामान डूबा

**ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ**

देश के कई राज्यों में लगातार बारिश जारी है। यूपी के प्रयागराज में लगातार तीसरे दिन बारिश से घरों में पानी घुस गया। इससे बेड, सोफा और दूसरे सामान डूब गए हैं। जिले में लगातार दूसरे दिन सभी स्कूल बंद हैं। रामबाग रेलवे स्टेशन के तीन ट्रैक भी पानी में डूब गए हैं।

बिहार के बगहा में गंडक नदी के तेज कटाव से प्राथमिक स्कूल के 5 में से 4 कमरे नदी में बह गए। अब स्कूल का बचा हुआ हिस्सा भी कटाव की जद में है।

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में मंगलवार को भारी बारिश के बीच लैंडस्लाइड से 3 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक ट्रक ड्राइवर और नेपाल के दो मजदूर शामिल हैं। बारिश के कारण 88 सड़कें बंद हैं। मंडी में सबसे ज्यादा 32, कुल्लू में 25 और सिरमौर में 10 सड़कें बंद हैं। वहीं, उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में लैंडस्लाइड से 3 लोगों की मौत हुई है। राज्य में बारिश-लैंडस्लाइड के कारण 124 सड़कें बंद हैं। पिथौरागढ़ में बीआरओ के कुलागाड़ वैली ब्रिज पर चट्टानें जा गिरीं। इससे पुल काली नदी में समा गया। इससे कैलाश मानसरोवर मार्ग पर आवाजाही बंद हो गई।



# 28 अगस्त की सुबह 3 घंटे 51 मिनट राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन इस वर्ष 28 अगस्त 2026, शुक्रवार को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार इस बार रक्षाबंधन का पर्व विशेष रूप से शुभ रहेगा, क्योंकि राखी बांधने वाले दिन भद्रा का कोई प्रभाव नहीं रहेगा। ऐसे में बहनें सुबह शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकेंगी।

### 27 अगस्त को रहेगी भद्रा

पंचांग गणना के अनुसार भद्रा 27 अगस्त को सुबह 9.08 बजे से रात 9.32 बजे तक रहेगी। इसके बाद भद्रा समाप्त हो जाएगी। इसलिए 28 अगस्त को राखी बांधने के समय भद्रा का कोई व्यवधान नहीं रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार रक्षाबंधन के लिए पूर्णिमा की उदय तिथि का विशेष महत्व होता है। इस वर्ष 28 अगस्त को पूर्णिमा की उदय तिथि होने के कारण इसी दिन रक्षाबंधन मनाया जाएगा। भद्रा रहित सुबह होने के कारण इस बार पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहने की उम्मीद है।

पूर्णिमा तिथि का आरंभ 27 अगस्त को सुबह 9.08 बजे होगा और इसका समापन 28 अगस्त को सुबह 9.48 बजे होगा। उदय तिथि के मान के कारण रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को मनाया जाएगा।

**सुबह 5.57 से 9.48 बजे तक शुभ समय-** रक्षाबंधन पर राखी बांधने का मुख्य शुभ मुहूर्त 28 अगस्त को सुबह 5.57 बजे से 9.48 बजे तक रहेगा। इसकी कुल अवधि करीब 3 घंटे 51 मिनट है। इस दौरान बहनें भाई को राखी बांधकर उसकी सुख-समृद्धि और दीघार्यु की कामना कर सकती हैं।

## अहमदाबाद में बॉस स्कैम का बड़ा खुलासा

**ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद**

साइबर अपराध के खिलाफ चल रही कार्रवाई में अहमदाबाद पुलिस ने एक ऐसे बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा किया है, जो कथित तौर पर भारत में साइबर ठगी करने वाले अपराधियों के साथ-साथ पाकिस्तान और चीन से जुड़े साइबर अपराधियों को तकनीकी ढांचा उपलब्ध करा रहा था। पुलिस ने इस पूरे नेटवर्क को बॉस स्कैम से जोड़ते हुए पश्चिम बंगाल से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने हजारों मोबाइल फोन और लैपटॉप को अपने नेटवर्क से जोड़ रखा था और बड़ी संख्या में सिम कार्ड तथा वन टाइम पासवर्ड यानी ओटीपी उपलब्ध कराकर साइबर अपराधियों की मदद की जा रही थी।

#### इंस्टाग्राम रील से सीखा खौफनाक प्लान

# प्राइवेट पार्ट बेचने के लिए मर्डर!

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

एमपी की राजधानी भोपाल में 17 वर्षीय किशोर की हत्या के मामले में पुलिस ने ऐसा खुलासा किया है जिसने सभी को हैरान कर दिया है। पुलिस के अनुसार, इस वारदात का मास्टरमाइंड जोहेब नाम का युवक था, जिसने सोशल मीडिया पर रील देखकर एक खौफनाक योजना बनाई। आरोपी ने अपने दोस्तों को यह कहकर साथ लिया कि मानव अंग बेचकर बड़ी रकम कमाई जा सकती है। इसके बाद किशोर को बहाने से अपने साथ ले गए और उसकी हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो बालिग और तीन नाबालिग शामिल हैं।

**हत्या के बाद काट दिया प्राइवेट पार्ट**

**छोटा तालाब के पास मिला था शव-** यह मामला उस समय सामने आया था, जब 10 अगस्त को भोपाल के छोटा तालाब किनारे एक अज्ञात किशोर का शव मिला था। शव पर गंभीर चोटों के निशान मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। बाद में मृतक की पहचान उसकी मां ने की। बताया गया कि किशोर शहर में पेन बेचने का काम करता था।



### सोशल मीडिया से तैयार किया गया प्लान

पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी जोहेब ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर कुछ वीडियो देखने के बाद इस अपराध की योजना बनाई। उसने अपने साथियों को विश्वास दिलाया कि मानव अंग बेचकर पैसा कमाया जा सकता है। इसके बाद उसने दोस्तों के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की और वारदात को अंजाम देने की साजिश रची।


### बहाने से साथ ले गए आरोपी

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी किशोर को इकबाल मैदान क्षेत्र से अपने साथ लेकर गए थे। उसे कहा गया था कि किसी विवाद में उसका साथ देना है। किशोर आरोपियों पर भरोसा कर उनके साथ चला गया, लेकिन उसे यह अंदाजा नहीं था कि उसके साथ इतना बड़ा अपराध होने वाला है।

## सूरत में रेस्टोरेंट के खाने से बच्ची की मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› सूरत**

गुजरात के सूरत में रेस्टोरेंट का खाना खाने के बाद 5 साल की बच्ची आर्या की मौत हो गई। वहीं, उसके परिवार के चार अन्य सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें आर्या के पिता अशोकभाई, मां और दो बहनें शामिल हैं। परिवार ने 15 अगस्त की शाम शहर के शीटल रेस्टोरेंट से काजू-पनीर समेत खाना मंगाया था। इसके बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। डॉक्टरों ने परिवार के सदस्यों में फूड पॉइजनिंग की पुष्टि की है। आर्या का परिवार सूरत की रानुजाधाम सोसायटी में रहता है। परिवार के मुताबिक, 16 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे अशोकभाई कलसारिया और उनकी एक बेटी को तेज पेट दर्द हुआ। सुबह करीब 9 बजे दोनों ने स्थानीय क्लीनिक में इलाज कराया, लेकिन कुछ देर बाद परिवार के बाकी सदस्यों की तबीयत भी खराब हो गई। इसके बाद परिवार के सभी पांच सदस्यों को सद्विचार अस्पताल ले जाया गया।



## जल बोर्ड टेंडर में कथित भ्रष्टाचार पर आप नेता सत्येंद्र जैन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में दिल्ली के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, यह कार्रवाई 2024 में दर्ज एक एफआईआर के आधार पर की गई है। मामला दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के विस्तार और उन्नयन से जुड़े टेंडर की प्रक्रिया में कथित बड़े पैमाने पर अनियमितताओं, टेंडर की शर्तों में हेरफेर और आपराधिक साजिश के आरोपों से जुड़ा है। सत्येंद्र जैन उस समय दिल्ली सरकार में जल मंत्री थे। मामले में उनके अलावा पांच अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदित प्रकाश राय और बोर्ड के पूर्व संविदा सलाहकार अंकित श्रीवास्तव शामिल हैं।

## रिपोर्ट- रूस सीक्रेट रूट से ईरान को हथियार भेज रहा

**मॉस्को/ तेहरान।** रूस सीक्रेट रास्ते के जरिये ईरान के सैन्य भंडार को मजबूत करने में मदद कर रहा है। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ईरान को टीएनटी विस्फोटक, ड्रोन के पार्ट्स और गोला-बारूद भेज रहा है। रिपोर्ट में यूरोपीय सरकार के एक दस्तावेज के हवाले से बताया गया कि सैटेलाइट तस्वीरों से संकेत मिले हैं कि इनमें बैलिस्टिक मिसाइल बनाने के लिए जरूरी कुछ पार्ट्स भी हो सकते हैं। ईरान के सैन्य भंडार हाल में अमेरिका और इजराइल के साथ हुए संघर्ष में काफी कम हुए थे। रूस इसके लिए कैस्पियन सागर का रास्ता इस्तेमाल कर रहा है। कैस्पियन सागर से रूस, ईरान, कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और अजरबैजान क सीमाएं लगती हैं।

## मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने की पीआईएल हाईकोर्ट ने की खारिज

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल की मस्जिदों में अजान के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले लाउडस्पीकर हटाने के कथित पुलिस निर्देशों को लेकर दायर जनहित याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति अतुरूप बनर्जी की खंडपीठ ने अधिवक्ता मोहम्मद दानिश फारूकी की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में आरोप लगाया गया था कि राज्य पुलिस के अधिकारी हाल के सप्ताहों में मस्जिद समितियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें लाउडस्पीकर हटाने के लिए मौखिक निर्देश दे रहे थे। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत के समक्ष यह दावा किया गया कि पुलिस अधिकारियों ने मस्जिद प्रतिनिधियों के साथ बैठकें कीं और उनसे सभी लाउडस्पीकर हटाने को कहा।

## ट्रम्प ने होर्मुज को अमेरिका का नया इलाका बताया, मैप पोस्ट किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का हिस्सा बताते हुए सोशल मीडिया पर मैप पोस्ट किया है। ट्रम्प के पोस्ट के बाद ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का हिस्सा बताना सिर्फ एक गलतफहमी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ट्रम्प को जल्द ही समझ आ जाएगा कि इस समुद्री रास्ते पर अमेरिका का कोई अधिकार नहीं है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक ग्राफिक पोस्ट किया, जिसके ऊपर 'नया अमेरिकी क्षेत्र' लिखा था। इस मैप में होर्मुज स्ट्रेट और उसके आसपास का समुद्री इलाका दिखाया गया था। इसमें ईरान, ओमान और यूएई के हिस्से भी नजर आ रहे थे।

## अमेरिका में 27 साल रही भारतवंशी महिला हिरासत में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में 27 साल से रह रहीं भारतीय मूल की वेंकटा वासमसेट्टी को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने हिरासत में ले लिया। 11 अगस्त को शार्लोट स्थित आईसीई कार्यालय में नियमित चेक-इन के दौरान पूछताछ के बाद उन्हें डिटेन किया गया। वेंकटा के पास 2013 से ग्रीन कार्ड है और वह नॉर्थ कैरोलिना के सरकारी स्कूल में स्पेशल-नीड्स बच्चों को पढ़ाती हैं। स्पेशल-नीड्स बच्चों के साथ काम करने वाली दादी वेंकटा वासमसेट्टी को तय आईसीई चेक-इन के दौरान हिरासत में लिया गया। स्पेशल-नीड्स बच्चों के साथ काम करने वाली दादी वेंकटा वासमसेट्टी को तय आईसीई चेक-इन के दौरान हिरासत में लिया गया। वेंकटा जुलाई 2022 में बीमार माता-पिता की देखभाल के लिए भारत आई थीं।

## जंतर-मंतर प्रदर्शन-पुलिस कार्रवाई पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट आज 20 जुलाई को सीजेपी के नेतृत्व में हुए छात्र प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई के आरोपों की जांच के लिए हाईलेवल कमेटी के गठन का औपचारिक आदेश जारी करेगा। कमेटी में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज, हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस, पूर्व डीजीपी और पूर्व सीबीआई निदेशक समेत अन्य सदस्य शामिल होंगे। इससे पहले याचिकाकर्ताओं और अन्य पक्षों से कमेटी के सदस्यों के नाम सुझाने को कहा गया है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि 20 जुलाई का संसद मार्च गैरकानूनी था। इसकी परमिशन नहीं थी।

## खबर एक नजर...

### सुरेन्द्र यादव बने ग्रामीण कांग्रेस सेवादल के जिला महासचिव

**उज्जैन।** ग्राम अम्बोदिया (गंभीर डेम) तहसील घटिया निवासी सुरेन्द्र यादव को उज्जैन जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल का महासचिव नियुक्त किया गया है। कांग्रेस संगठन के प्रति उनकी सक्रिय निष्ठा और किए गए कार्यों को देखते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी ने उनका नियुक्ति पत्र जारी किया। यह मनोनयन मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अवनीश भार्गव की सहमति और विधायक महेश परमार की अनुशंसा पर किया गया है। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त महासचिव सुरेन्द्र यादव से अपेक्षा की है कि वे संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए पूरी सक्रियता से कार्य करेंगे। इस नियुक्ति की सूचना मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल भोपाल के अध्यक्ष और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी उज्जैन के अध्यक्ष को भी प्रेषित की गई है।

### श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था ने कराया 11 लाख बार मंत्र जाप

**उज्जैन।** सावन मास में आध्यात्म, संस्कार और सनातन संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था ने 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र जाप व सनातन पर मंथन का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लगभग सवा घंटे में 11 लाख बार 'ॐ नमः शिवाय' का जाप किया।

कार्यक्रम में बच्चों ने 'ॐ नमः शिवाय जाप' और 'सनातन पर विचार' विषय पर अपने विचार रखे। संस्था के हरि सिंह यादव ने बताया कि बच्चों को संस्कृति के बारे में सिर्फ पढ़ाना ही नहीं, बल्कि उन्हें सोचने और बोलने का अवसर देना भी जरूरी है। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बच्चों को निरंतर मंत्र जाप करने के लिए प्रेरित किया। आनंद विभाग के जिला समन्वयक डॉ. प्रवीण जोशी ने कहा कि आध्यात्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि विचारों और व्यवहार को श्रेष्ठ बनाना है। उत्कृष्ट विचारों के लिए दिव्यांशी दुबे और दिव्या प्रधान को पुरस्कृत किया गया। ज्ञान वर्षा स्कूल के प्राचार्य डॉ. मुकेश पाटीदार ने भी सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला।

### न्यूनतम 30 हजार रुपए वेतन की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ का प्रदर्शन

**उज्जैन।** भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 17 अगस्त को शहर में श्रमिक एवं कर्मचारी संगठनों ने प्रदर्शन कर रैली निकाली। विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दोपहर 1 बजे कोठी पर एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक संकुल स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां 57 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत ने ज्ञापन का वाचन किया। ज्ञापन में सभी विभागों, उद्योगों और संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए न्यूनतम 30,000 रुपए मासिक वेतन लागू करने की मांग प्रमुखता से रखी गई। इसके साथ ही श्रम कानूनों में श्रमिक हितैषी परिवर्तन, रोजगार की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, समय पर वेतन भुगतान, पीएफ एवं ईएसआईसी का लाभ सुनिश्चित करने तथा ठेका एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगाने की मांग उठाई गई। जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत ने बताया कि महंगाई के वर्तमान दौर में मौजूदा वेतन में परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि ठेका एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को भी समान कार्य के लिए उचित वेतन एवं सभी वैधानिक सुविधाएं मिलनी चाहिए।

### पशुओं पर दया भाव रखें और चमड़े से बनी वस्तुओं का उपयोग न करें

**उज्जैन।** राजेंद्र सूरी जैन ज्ञानमंदिर नमक मंडी में चातुर्मास के अंतर्गत साध्वी रिद्धीनिधि की निश्रा में नेमिनाथ भगवान का जन्म व दीक्षा कल्याणक महोत्सव मनाया गया। धर्मसभा में साध्वी रिद्धीनिधि ने कहा कि नेमिनाथ भगवान करुणा के सागर हैं। विवाह के लिए जाते समय मूक पशुओं का रुदन सुनकर उन्होंने राजपाट छोड़कर संयम जीवन अपना लिया था। हमें भी मूक पशुओं पर दया भाव रखना चाहिए और चमड़े से बनी वस्तुओं का कभी उपयोग नहीं करना चाहिए। त्रिस्तुतीक जैन श्रीसंघ के आयोजन में अखिल भारतीय राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद एवं परिषद परिवार द्वारा यह शक्रस्तव अभिषेक महोत्सव मनाया गया। विधिकारक ब्रजेश जैन ने पूर्ण शुद्धता व विधि अनुसार 11 अभिषेक करवाए। संगीतकार राजेंद्र पटवा ने भजनों की प्रस्तुति दी। परिषद उपाध्यक्ष वीरेंद्र गोलेचा व आदित्य भटेवरा ने बताया कि जन्म के समय मेरु पर्वत पर 64 इंद्रों द्वारा 1 करोड़ 60 लाख कलशों से भगवान का जन्माभिषेक किया गया था, इसी भाव के साथ यह अभिषेक हुआ। महोत्सव में हुकमचंद मिश्रीलाल चौरड़िया, चांदमल प्रतापचंद मेहता, संजय कुमार अजय कुमार गिरिया, पीयूष कुमार आयुष कुमार चौरड़िया, अभिनंदन अनुपम कांकरेचा, समरथमल चांदमल पगारिया, विकास कांतिलाल चौरड़िया, मनीष आशीष पीपाड़ा और राजमल समरथमल कोठारी परिवार ने स्वर्ण जल, घी, दूध, दही, वासक्षेप, पंचामृत, पुष्प और विभिन्न औषधियों से अभिषेक किया। सुभाष सिंह जयसिंह डागरिया परिवार ने आरती, नरेंद्र बाबूलाल श्रीश्रीमाल परिवार ने मंगल दीवा और चांदमल प्रतापचंद मेहता परिवार ने शांति कलश का लाभ लिया।

# तकनीकी ज्ञान को कौशल और उद्यमिता से जोड़कर युवा बनें आत्मनिर्भर

## विक्रम विवि में एलईडी निर्माण एवं ड्रोन तकनीक पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित, युवाओं को दिया प्रायोगिक प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

किसी भी बड़ी तकनीकी पहल की शुरूआत छोटी सोच से होती है। यदि विद्यार्थी अपने आसपास की समस्याओं को पहचानकर तकनीक और नवाचार के माध्यम से समाधान विकसित करें, तो यही सोच आगे चलकर स्टार्टअप और रोजगार के अवसरों में बदल सकती है।

यह बात विक्रम विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान संस्थान में आयोजित एलईडी निर्माण एवं ड्रोन प्रशिक्षण राष्ट्रीय कार्यशाला में वक्ताओं ने कही। कार्यशाला का आयोजन एमएसएमई इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर




द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और नवोदित उद्यमियों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही एलईडी निर्माण और ड्रोन प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ उद्यमिता के लिए प्रेरित किया और युवाओं में नवाचार व आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया। एमएसएमई इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर के निदेशक उमेश कुमार सिंह ने एलईडी जैसी ऊर्जा-कुशल तकनीक और ड्रोन के कृषि, सर्वेक्षण व आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में फायदों पर प्रकाश डाला। कंप्यूटर विज्ञान संस्थान के निदेशक कमल बुनकर ने कहा कि ऐसे उभरते क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण युवाओं की आत्मनिर्भरता और रोजगार क्षमता को मजबूत करता है।

### तीन तकनीकी सत्रों में दिया गया व्यावहारिक ज्ञान

कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में एजुकेशन ऑफ सेल्फ रिलायंस ग्वालियर के नोडल अधिकारी बृजेश शुक्ल ने एलईडी निर्माण की प्रक्रिया और ऊर्जा संरक्षण की विस्तार से जानकारी दी। द्वितीय सत्र में एलईडी ट्रेनर अभिषेक मुदगल ने प्रतिभागियों को एलईडी बनाने के विभिन्न चरणों का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। वहीं तृतीय सत्र में ड्रोन ट्रेनर गौरव जाट ने ड्रोन प्रौद्योगिकी के संचालन, इसके व्यावसायिक व सामाजिक उपयोग की जानकारी प्रदान किया।

### मालवी संस्कृति और नारी चेतना का प्रतीक है ओढ़नी

# मालवी काव्य संग्रह पर हुई परिचर्चा, साहित्यकारों ने कहा कविता बचेगी तो मानवता बचेगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ओढ़नी केवल एक रचना नहीं है, बल्कि यह मालवा के 1300 साल के इतिहास को समेटे हुए पूरी मालवी संस्कृति की परिचायक है। यह नारी चेतना, लज्जा और शील के साथ-साथ स्त्री विद्रोह का भी प्रतीक है। यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने मालवी काव्य संग्रह 'ओढ़नी' पर आयोजित चर्चा में अध्यक्षीय उद्बोधन में कही।

प्रेमचंद सृजन पीठ और हिंदी अध्ययनशाला, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मालवी कवयित्री संगीता तल्लेरा के मालवी काव्य संग्रह ओढ़नी पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। सारस्वत अतिथि डॉ. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि लेखिका ने लोकभाषा में काव्य संग्रह रचकर अद्भुत साहस का कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि डॉ. जगदीश शर्मा ने कहा कि प्रतिकूल समय में जब चारों ओर निराशा हो, तब कविता उम्मीद की किरण बनती है।



कविता बचेगी तो मानवता बचेगी। विशिष्ट अतिथि एवं कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य डॉ. राजेश सिंह कुशवाह ने कहा कि लेखिका ने दैनिक जीवन के विषयों को स्त्री मन की सुंदर रचनाओं में पिरोया है।

समीक्षक शशांक दुबे ने काव्य संग्रह और लेखिका पर रोचक रेखाचित्र प्रस्तुत किया। सुगनचंद जैन, संध्या सोलंकी, नरेंद्र सिंह अकेला और दिनेश दिग्गज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने तथा लेखकीय वक्तव्य संगीता तल्लेरा ने मालवी में ही दिया। इससे पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती और मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना डॉ. राजेश रावल ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर जैन कवि संगम के पदाधिकारियों ने संगीता तल्लेरा का ओढ़नी और पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन राहुल शर्मा ने किया तथा आभार अंजलि तल्लेरा ने माना। अतिथियों का स्वागत अशोक तल्लेरा, संदेश तल्लेरा, राहुल मूथा, श्रेयांस जैन, डॉ. हरीश कुमार सिंह, अशोक भाटी, सुरेंद्र सर्किट और चंद्रशेखर वशिष्ठ ने किया।

### राम विजय वाटिका में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा शुरू

**उज्जैन।** मक्सी रोड पवांसा स्थित शीतल स्कूल के पास श्रीराम विजय वाटिका में शंखनाद समिति द्वारा नागपंचमी पर बगलामुखी माता की यात्रा के बाद आज भव्य कलश यात्रा निकालकर सात दिवसीय शिव महापुराण कथा की शुरूआत हो गई है। आयोजन के पहले दिन कथा संयोजक आनंद सिंह खींची के नेतृत्व में पवांसा के खेड़ापति हनुमान मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। कथा में प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक ज्योतिषाचार्य अजय शंकर तिवारी शिव महिमा का वाचन करेंगे। समिति के अध्यक्ष संजय पंवार और कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह गौड़ ने बताया कि कथा 24 अगस्त तक चलेगी। कथा विश्राम के अगले दिन 25 अगस्त को पवांसा, पांड्याखेड़ी, नीमनवासा और शंकरपुर क्षेत्र की संयुक्त विशाल शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में 5000 से अधिक महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

## महाकाल की तीसरी सवारी में छाई चैतन्य भैरव नारी शक्ति नासिक ढोल ताशा पार्टी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकालेश्वर भगवान की तीसरी श्रावण-भादौ सवारी में 'चैतन्य भैरव नारी शक्ति नासिक ढोल ताशा पार्टी' की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक सनातन वेशभूषा में सजी बालिकाओं ने उत्कृष्ट वादन कर सवारी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके ढोल की थाप पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। पूजा बिटिया और बालिकाओं ने तारीफ के लायक काम किया है।

बालिकाओं को यह प्रशिक्षण प्रशिक्षक पूजा बिटिया द्वारा दिया गया है। सोमवार सुबह 9:30 बजे मंगलनाथ से बालिकाओं ने भारत माता मंदिर तक कंधे पर भारी ढोल उठाकर लंबा सफर तय किया। सवारी समाप्त होने के बाद भी टीम का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने वापस रामघाट तक कंधे पर ढोल उठाकर ही सफर पूरा किया। बालिकाओं के इस साहसिक कार्य और उत्कृष्ट प्रदर्शन की शहर में जमकर सराहना हो रही है।

तेलीवाड़ा स्थित भेरू महाराज मंदिर की 'चेतन भैरव मित्र मंडली', जो कि सालों से महाकाल की सवारी में शामिल होती है, ने इन बालिकाओं और प्रशिक्षक का उत्साहवर्धन किया। मंडली के राकेश तिवारी, बसंत परिहार और दादा राणा सिंह ने प्रशिक्षक पूजा बिटिया को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इसी तरह सनातन धर्म के लिए युवतियों को तैयार करती रहें। राकेश तिवारी ने कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ बेटियों को शस्त्र विद्या भी आनी चाहिए, ताकि हर बेटी आत्मनिर्भर बन सके। चेतन भैरव मित्र मंडली ने टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षक पूजा मंगलनाथ पर बालिकाओं को नियमित रूप से नासिक ढोल, झांझ और डमरू का प्रशिक्षण देती हैं। इसके साथ ही वे 'एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी' और 'नारी शक्ति बाल शारदा व्यायामशाला समिति' के माध्यम से बेटियों को आत्मरक्षा के गुर भी सिखा रही हैं।

# रामेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया कालसर्प दोष का निवारण



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सावन के तीसरे सोमवार और नागपंचमी के दुर्लभ महासंयोग पर हरसिद्धि मंदिर के पीछे स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में भव्य सामूहिक कालसर्प दोष एवं पितृ दोष निवारण पूजा संपन्न हुई। ज्योतिषाचार्य पंडित डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला और पंडित आर्यन शुक्ला के आचार्यत्व में देश-विदेश से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में भाग लिया। इस दौरान श्री रामेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक कर महाभोग लगाया गया।

बाबा महाकाल की नगरी अवंतिका में नागपंचमी पर भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन के साथ कालसर्प दोष पूजा का विशेष महत्व है। प्रसिद्ध ज्योतिष व वास्तुविद डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष नागपंचमी पर दिव्यसिद्धि, परमसिद्धि और शेषनाग योग का अद्भुत निर्माण हुआ। ऐसे शुभ संयोग में शिव व नाग देवता की पूजा और कालसर्प दोष निवारण से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और कुंडली से दोष समाप्त हो जाता है।

श्री रामेश्वर महादेव मंदिर का विशेष ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। भगवान श्री राम ने वनवास के दौरान इस शिवलिंग की स्थापना की थी। यह विश्व का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां स्थित शिवलिंग अपनी धुरी पर चारों दिशाओं में घूमता है। इस चमत्कारिक स्थान पर नागपंचमी पर पूजन के लिए सुबह से ही शिवालय में भक्तों की भारी भीड़ रही। डॉ. शुक्ला के अनुसार जब कुंडली में सभी ग्रह राहु और केतु के 180 डिग्री के मध्य आ जाते हैं, तो पूर्ण कालसर्प दोष का निर्माण होता है। एक या दो ग्रहों के बाहर होने पर आंशिक कालसर्प दोष बनता है। इसके प्रभाव से जीवन में लगातार संघर्ष, भाग्य की कमजोरी और विवाह या नौकरी में बाधाएं आती हैं।

### हजारी हनुमान मंदिर में सवा ग्यारह लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण का समापन आज

# अखाड़ा परिषद के महामंत्री सहित देशभर के संत होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मक्सी रोड पवासा और शिप्रा तट स्थित हजारी हनुमान मंदिर में माधवाचार्य के सान्निध्य में चल रहे सवा ग्यारह लाख चिंतामणि पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक अनुष्ठान का बुधवार 19 अगस्त को समापन होगा। विश्व शांति, सुख-शांति, समृद्धि, जन कल्याण और अच्छी वर्षा की कामना को लेकर हो रहे इस आयोजन के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पूर्णाहुति में शामिल होने के लिए अखाड़ा परिषद के महामंत्री राजेंद्रदास महाराज, अहमदाबाद जगन्नाथ मंदिर के दिलीपदास महाराज और अहमदाबाद के ही महेंद्र भाई झा विशेष रूप से उज्जैन पहुंच रहे हैं।

इससे पूर्व मंगलवार को हुए विशेष रुद्राभिषेक में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हजारी हनुमान मंदिर के महंत काशीदास त्यागी ने बताया कि 12 अगस्त से शुरू हुए इस सात दिवसीय अनुष्ठान में प्रतिदिन सुबह साढ़े आठ बजे से शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक किया जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म और गौ माता की रक्षा के साथ ही 2027 के नासिक कुंभ और 2028 के उज्जैन सिंहस्थ के शांतिपूर्ण संपन्न होने की कामना है।

यह आयोजन राजकीय अतिथि, वैष्णव सम्राट और अखिल भारतीय खालसा परिषद के अध्यक्ष टीलाद्वारा गाद्याचार्य मंगलपीठाधीश्वर माधवाचार्य की अध्यक्षता में हो रहा है। माधवाचार्य प्रतिदिन महाकाल दर्शन कर मंदिर परिसर में भक्तों के बीच अनुष्ठान में शामिल हो रहे हैं। वे एक हजार से अधिक खालसाओं के अध्यक्ष हैं और आगामी सिंहस्थ में दिगंबर अखाड़े के खालसा तथा वैष्णव मंगलनाथ क्षेत्र की पूरी व्यवस्था व अगुवाई उन्हीं के मार्गदर्शन में होगी। बाहर से आए सभी संतों का स्वागत महंत परमेश्वरदास त्यागी ने किया।

अनुष्ठान में शामिल होने के लिए देशभर से संत उज्जैन पहुंचे हैं। इनमें मुख्य रूप से अयोध्या के महामंडलेश्वर सीतारामदास, बांसवाड़ा के महामंडलेश्वर हरिओमदास, पुरी के महामंडलेश्वर रामकृष्णदास, इंदौर के महामंडलेश्वर राधेराधे, भावनगर के महामंडलेश्वर गरीबरामदास, नासिक के महामंडलेश्वर भक्तिचरणदास, दाहोद के महामंडलेश्वर जगदीशदास, चींच के महामंडलेश्वर घनश्यामदास, इंदौर के महामंडलेश्वर रामगोपालदास, नैमिषारण्य के महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास भोले, नडियाद के महंत महावीरदास, जगन्नाथपुरी के महंत विश्वंभरदास, महंत रामचरणदास, महंत पूर्णचंद्रदास, हनुमान टेकरी मलाड़ के महंत रामचंद्रदास, दाऊजी मंदिर डाकोर के श्रीनिवासदास, भोपाल के महामंडलेश्वर राम प्रवेशदास, 13 भाई त्यागी के महामंडलेश्वर बृजमोहनदास, बनारस के रामलोचनदास और सूरत के रामनरेशदास शामिल हैं। इनके साथ ही तीनों अणी अखाड़ों, रामानंदाचार्य पीठ और सभी खालसों के महंत, त्यागी और तपस्वी मौजूद हैं।

### ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक, रूपरेखा पर किया मंथन

# 6 सितंबर को होगा राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का अधिवेशन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल की नगरी उज्जैन में आगामी 6 सितंबर 2026 को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को भव्य, सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में रविवार को अधिवेशन की व्यवस्थाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राष्ट्रीय अधिवेशन की कार्यक्रम रूपरेखा, अतिथि सत्कार, आवास व भोजन व्यवस्था, मंच व बैठक व्यवस्था, पंजीयन, प्रचार-प्रसार, अनुशासन और विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने आयोजन को व्यवस्थित बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और सभी व्यवस्थाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू मुरारी एच. गुप्ता के मार्गदर्शन में होने वाले इस



अधिवेशन में सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती, समाजहित के विषयों और भविष्य की कार्ययोजना पर व्यापक मंथन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि अधिवेशन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी सामूहिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। यह अधिवेशन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की एकता और सामूहिक सहभागिता का महापर्व है। बैठक में अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू मुरारी एच. गुप्ता और विशिष्ट अतिथि मुख्य राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशोर साहू उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने की। बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय संगठन मंत्री गोवर्धन गुप्ता, राष्ट्रीय अपर महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय साहू, राष्ट्रीय महामंत्री आईटी सेल मयंक साहू, राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव सेठ, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चंदन साहू, प्रदेश महामंत्री बाबूलाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल नरेला (नीमच), प्रदेश संरक्षक द्वारका प्रसाद साहू, उज्जैन के पूर्व अध्यक्ष महेश साहू, प्रदेश समिति सदस्य ओम प्रकाश साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेश साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष नर्मदा प्रसाद साहू, वरिष्ठ समाजसेवक चिन्मय साहू, भोपाल के वरिष्ठ समाजसेवक भरत साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संतोष साहू, प्रदेश संगठन मंत्री कन्हैयालाल साहू, प्रदेश मंत्री कन्नू प्रसाद साहू, भोपाल जिला अध्यक्ष राजेश साहू, प्रदेश युवा अध्यक्ष भगवान सिंह साहू और प्रदेश अपर महामंत्री मुकेश साहू मौजूद थे। इनके अलावा उज्जैन से चिन्मय साहू, मांगीलाल साहू, मोहनलाल साहू, सुनील साहू, महेश साहू, ओम प्रकाश साहू, दीपक साहू, मनोहर साहू, दिनेश साहू, बाबूलाल साहू, शंकर लाल साहू, मुरलीधर साहू और आशीष साहू सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व समाजबंधु उपस्थित रहे।

## वल्लभ वैष्णव मंडल ने वन विहार में किए शिवालयों और गोवर्धन नाथ जी के दर्शन

### गोसाईं जी की बैठक में की हिंडोरे की सेवा, 8 फीट ऊंचे पौधों का किया रोपण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, महिला मंडल और युवा मंडल द्वारा वन विहार का आयोजन किया गया। संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा को 'पेड़ वाले बाबा' श्याम माहेश्वरी ने तिरंगा दिखाकर रवाना किया। वन विहार के दौरान श्रद्धालुओं ने पौधारोपण करने के साथ ही विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन और सेवा का लाभ लिया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मंडल सदस्यों ने 8 फीट ऊंचे पौधों का रोपण किया। सावन मास के उपलक्ष्य में चोमा कुमारीया स्थित प्राचीन शिवालयों में जल अर्पण कर दर्शन किए। श्री गोसाईं जी की बैठक पर झारी चरण स्पर्श और हिंडोरे की सेवा की गई। इसके अलावा गोवर्धन नाथ जी की हवेली में झूले के दर्शन, प्राचीन मुरादपुरा हनुमान जी और भगवान द्वारकाधीश के दर्शन कर सैकड़ों वैष्णव जन भावविभोर हो गए। वन विहार के पश्चात सभी ने मालवा के पारंपरिक व्यंजनों और केसरिया दूध का लुत्फ उठाया।

आयोजन में प्रदीप मेटी, प्रवीण मुंदड़ा, बद्रीलाल चौधरी और वल्लभजी माहेश्वरी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक संजय दिसावल, रतिन नीमा, जयेश श्रॉफ, नितिन नीमा, अमर दिसावल, विशाल नीमा, बसंत नागर, सुभाष सोनी, नंदकिशोर माहेश्वरी, सिद्धेश्वर दास, वल्लभ माहेश्वरी, सुदेश बालकृष्ण नीमा, हेतल शाह, संगीता नागर, शेफाली पटेल और मनीषा नागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जयेश श्रॉफ ने आभार व्यक्त किया।

उज्जैन
बुधवार
19
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते।।
**अर्थः** धर्म की रक्षा सत्य से, ज्ञान से अभ्यास से, रूप से स्वच्छता से और परिवार की रक्षा आचरण से होती है।

## खबर एक नजर...

### गुजरात के मंथन और श्री आनंद ब्रांड घी पर कार्रवाई, 1750 लीटर जब्त, 18 सैंपल जांच के लिए भेजे

**इंदौर।** गुजरात से इंदौर पहुंचे घी की गुणवत्ता को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। स्कीम नंबर-51 स्थित मां बगलामुखी एंटरप्राइजेज से मिलावट की आशंका में 1750 लीटर घी जब्त किया गया है। यहां निरीक्षण के दौरान गुजरात में निर्मित मंथन और श्री आनंद ब्रांड का घी मिला। विभाग ने अलग-अलग उत्पादों के 18 सैंपल जांच के लिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जब्त घी खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरा उतरता है या नहीं। रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इंदौर में मिलावटी और अमानक खाद्य पदार्थों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। खासतौर पर दूसरे राज्यों से मध्यप्रदेश में आने वाले घी और अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक दूसरे राज्यों से इंदौर और मध्यप्रदेश में आने वाले घी की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके लिए निमार्ताओं, डिपो, थोक विक्रेताओं और विक्रय प्रतिष्ठानों से घी के नमूने लिए जा रहे हैं। प्रदेश में आम लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शों के अनुपालन में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निदेर्शानुसार यह अभियान चलाया जा रहा है।

### सौतेला पिता ही बना नाबालिग का गुनहगार

**इंदौर।** इंदौर में 16 वर्ष से कम उम्र की बालिका के साथ दुष्कृत्य करने वाले उसके सौतेले पिता को स्पेशल कोर्ट ने 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 और 3/4 के तहत यह सजा दी। इसके अलावा भादंवि की धारा 342 के तहत 3 माह का सादा कारावास और कुल 21 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला 17 अगस्त को पंचम अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायालय ने सुनाया। कोर्ट ने अपने फैसले में आरोपी के सौतेला पिता होने को गंभीर परिस्थिति माना। कोर्ट ने कहा कि बालकों के प्रति बढ़ते अपराध, उनकी असुरक्षा और ऐसे अपराधों का उनके वर्तमान एवं भविष्य पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए आरोपी को शिक्षाप्रद दंड देना आवश्यक है।

### गणेश उत्सव-नवरात्रि से पहले पीओपी की मूर्तियों पर रोक

**इंदौर।** गणेश उत्सव और नवरात्रि से पहले इंदौर में मूर्ति निर्माण को लेकर प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। जिले में अब केवल पारंपरिक मिट्टी से बनी गणेश और दुर्गा प्रतिमाओं का ही उत्पादन और विक्रय किया जा सकेगा। प्लास्टर ऑफ पेरिस अथवा अन्य रासायनिक पदार्थों से बनी प्रतिमाओं के निर्माण, बिक्री, बाहर से लाने और जिले से बाहर ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। पर्यावरण संरक्षण को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में मूर्तिकारों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में हुई बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रोशन राय ने की। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मूर्तिकार संघ के प्रतिनिधि मौजूद रहे। गणेश चतुर्थी और नवरात्रि में बड़ी संख्या में प्रतिमाओं की स्थापना होती है। इसे देखते हुए प्रशासन ने मूर्तिकारों को अभी से पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाओं के निर्माण के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ राष्ट्रीय हरित अधिकरण की गाइडलाइन का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। मूर्तिकारों से कहा गया कि भगवान श्री गणेश और माता दुर्गा की प्रतिमाओं के निर्माण में प्राकृतिक सामग्री और पारंपरिक मिट्टी का ही उपयोग किया जाए। प्रतिमाओं के निर्माण में पकी हुई मिट्टी, पीओपी, केमिकल या अन्य रासायनिक पदार्थों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा। पीओपी के विकल्प के रूप में कागज जैसी प्राकृतिक सामग्री के इस्तेमाल की सलाह दी गई है। प्रतिमाओं पर रंग करने के लिए भी केवल प्राकृतिक और गैर-विषाक्त रंगों का उपयोग किया जा सकेगा। रासायनिक और विषाक्त रंगों का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

### पार्षद जीतू यादव का भाजपा से निष्कासन खत्म

**इंदौर।** भाजपा ने निष्कासित एमआईसी सदस्य और पार्षद जीतू यादव को बड़ी राहत दी है। पार्टी ने उनका 6 साल के लिए प्राथमिक सदस्यता से निष्कासन समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही उनका पार्टी में वापसी का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को इसे लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन ने इंदौर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है। पत्र में लिखा है कि आपकी अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार जीतू यादव का प्राथमिक सदस्यता से किया गया निष्कासन आज 18 अगस्त 2026 को समाप्त कर दिया गया है। जीतू यादव के खिलाफ यह कार्रवाई भाजपा पार्षद कमलेश कालरा के साथ हुए विवाद के बाद की गई थी। दोनों के बीच शुरू हुआ विवाद बाद में गंभीर आपसी दुश्मनी में बदल गया था। मामले ने इतना तूल पकड़ा था कि इसकी गूंज प्रदेश से लेकर दिल्ली तक पहुंची थी और भाजपा की जमकर किरकिरी हुई थी। विवाद के दौरान जीतू यादव पर आरोप लगा था कि उनके समर्थकों ने कमलेश कालरा के घर पहुंचकर तोड़फोड़ की और उनके नाबालिग बेटे के साथ अभद्रता की। आरोप यह भी था कि बच्चे को निर्वस्त्र कर उसका वीडियो बनाया गया।

---

### भोपाल से इंदौर-जबलपुर-ग्वालियर के लिए सीधी सड़कें, सिंहस्थ से पहले काम शुरू होगा

# 50 हजार करोड़ रुपए से बिछेगा ग्रीन एक्सप्रेस-वे का जाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मप्र में सिंहस्थ से पहले 50 हजार करोड़ रु. से ज्यादा के रोड प्रोजेक्ट शुरू करने की तैयारी है। इस नए रोड नेटवर्क का बड़ा सेंटर भोपाल होगा। भोपाल को सीधी सड़कों से 4 बड़े शहरों- इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और मंदसौर से जोड़ा जाएगा।


भोपाल-जबलपुर और भोपाल-ग्वालियर रूट पर टेंडर प्रक्रिया जारी है, जबकि भोपाल-मंदसौर की डीपीआर बन रही है। भोपाल-इंदौर के बीच ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे का प्रस्ताव मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा गया है।

इसके साथ भोपाल के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में बायपास बनेंगे और भोपाल-विदिशा रोड को फोरलेन किया जाएगा। ग्रीनफील्ड सड़कों में मौजूदा रास्ते के बजाय दो शहरों के बीच कम दूरी वाला नया अलाइनमेंट बनाया जाएगा। एरियल रूट के आधार पर रास्ता प्रस्तावित किया गया है।

बीच में शहर-गांव आने पर बायपास या एलीवेटेड रोड से रास्ता निकाला जाएगा। इससे अलग-अलग रूट पर सफर में डेढ़ से करीब 4 घंटे तक की बचत का अनुमान है। भोपाल-इंदौर को छोड़कर बाकी सभी सड़कें एमपीआरडीसी बनाएगा।

दो दिन पहले मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने अलग-अलग मॉडल से प्रस्तावित इन रोड प्रोजेक्ट का रिव्यू किया। कई ग्रीनफील्ड सड़कों की डीपीआर बन रही है। डीपीआर के बाद वास्तविक लागत 50 हजार करोड़ रु. से ज्यादा हो सकती है।

- सागर-सतनाः बीओटी मॉडल पर प्रस्तावित फोरलेन ग्रीनफील्ड की अनुमानित सिविल लागत 9,850 करोड़ रुपए है। मौजूदा दूरी 294 किमी है। एरियल डिस्टेंस के आधार पर नया रूट 218 किमी का होगा। अभी 6 से 7 घंटे लगते हैं। नया मार्ग बनने पर सफर 3 से 3.30 घंटे में पूरा होने का अनुमान है।
- कटनी-सिंगरौलीः अभी 299 किमी के सफर में करीब 6.15 घंटे लगते हैं। प्रस्तावित ग्रीनफील्ड रूट 232 किमी का होगा और करीब 3.30 घंटे लगेंगे। यानी करीब 2.45 घंटे की बचत होगी।
- हैम मॉडल क्या है : हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल यानी हैम में सरकार और निजी कंपनी के बीच सड़क बनाने का अनुबंध होता है। कुल लागत का 40% सरकार देती है और बाकी 60% निजी कंपनी कर्ज या अपनी पूंजी से लगाती है। सरकार अपना हिस्सा भी पांच किस्तों में देती है। निजी कंपनी के लगाए पैसे को सरकार ब्याज समेत 15 से 20 साल में चुकाती है। सड़क बनने के बाद टोल सरकार खुद वसूलती है। उज्जैन के आसपास की सड़कें इसी मॉडल पर बन रही हैं।
- 35.61 किमी लंबा फोरलेन 4,594.35 करोड़ रुपए में बनेगा। एग्रीमेंट हो चुका है और जमीन अधिग्रहण की कवायद चल रही है।




#### इन सड़कों की डीपीआर बन रही

- **नर्मदापुरम-पिपरियाः** 101 किमी लंबा फोरलेन, अनुमानित लागत 2,100 करोड़ रुपए।
- **करेली (नरसिंहपुर)-पिपरियाः** 71 किमी लंबी सड़क, अनुमानित लागत 1,420 करोड़ रुपए।
- **जबलपुर-नरसिंहपुरः** 84.5 किमी लंबा फोरलेन, संभावित लागत 1,690 करोड़ रुपए।
- **खलघाट-मनावरः** करीब 43 किमी लंबा फोरलेन, अनुमानित लागत 858 करोड़ रुपए।
- **इंदौर-नेमावरः** 127 किमी लंबी सड़क, प्रस्तावित लागत 2,540 करोड़ रुपए।
- **हरदा-आशापुर (स्टेट हाईवे-71):** 72 किमी लंबी सड़क।
- **राहतगढ़-खुरई-खिमलासा (स्टेट हाईवे-62):** 47.48 किमी लंबी सड़क।
- **सुंदरा-सिंहपुर-कोठी-बिरसिंहपुर-सेमरिया-गोधा (स्टेट हाईवे-13):** करीब 98 किमी लंबी सड़क, अनुमानित लागत 839 करोड़ रुपए।
- **रातना-मैहर-बरही (स्टेट हाईवे-11):** परियोजना की अनुमानित लागत 800 करोड़ रुपए।
- **विदिशा-अहमदपुरः** 20.46 किमी लंबी सड़क, अनुमानित लागत करीब 123 करोड़ रुपए।

---

### 8 साल का बेटा बोला- बर्थडे मनाने ले गए थे, मां को चाकू मारे, बहन को तालाब में डुबोया

# पापा ने मम्मी-दीदी को तड़पा-तड़पाकर मार डाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

पापा ने मां को चाकू मारे, मां खून से लथपथ तड़पती रहीं, फिर पापा ने मम्मी का गला घोंट दिया। इसके बाद मुझे और मेरी बहन को तालाब में फेंक दिया। मैं बच गया, लेकिन मेरी बहन नहीं बच सकी... पापा ने उसे भी पानी में डुबोकर मार डाला।

ये बातें इंदौर के कनाड़िया के झलारिया निवासी 8 साल के अजय ने कही हैं। अजय की मां अनीता बाई (32) और बहन माही (10) की हत्या हो चुकी है। अनीता के मायके पक्ष ने भी सुनील पर लंबे समय से पीटने, परेशान करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। अनीता के पिता सुखराम ने बताया- करीब 10 साल पहले भी मारपीट की थी। सुनील के खिलाफ करीब 5-10 साल पहले पुलिस में शिकायत की गई थी। अनीता और सुनील के बीच विवाद नया नहीं था। मारपीट की घटनाएं पहले भी होती रही थीं।

**सुनील की रिश्तेदार ने चरित्र के आरोपों को गलत बताया-** सुनील की रिश्तेदार मालती कौशल ने पत्नी अनीता के चरित्र पर लगाए जा रहे आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि अनीता का व्यवहार अच्छा था। उन्होंने कभी उसके चरित्र को लेकर ऐसी कोई बात नहीं देखी। सुनील उनका भाई है, लेकिन दोनों परिवार अलग रहते थे। मालती ने बताया कि हमारा ज्यादा आना-जाना नहीं था, इसलिए घटना के पूरे घटनाक्रम की उन्हें जानकारी नहीं है। बच्चों की हत्या की वजह पर उन्होंने कहा कि जब सुनील पत्नी की हत्या के मामले में झूठ बोल रहा है तो बच्चों के मामले में क्या कहा जा सकता है।

**मकान मालिक बोले- पत्नी के बाद बच्चों को लेकर गया था-** मकान मालिक विक्रम चौधरी ने बताया कि सुनील चौहान करीब एक महीने पहले परिवार के साथ उनके मकान में किराए से रहने आया था। घटना वाली रात सुनील पत्नी को जन्मदिन मनाने की बात कहकर रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच घर से बाहर ले गया था। इस दौरान बच्चे घर पर ही थे। पत्नी को बाहर ले जाने के कुछ देर बाद वह आया। इसके बाद बच्चों को भी अपने साथ ले गया। बाद में सुनील की बेटी और पत्नी की मौत की जानकारी सामने आई, जबकि बेटा किसी तरह बच गया।

**तालाब से मिला अनीता का शव-** पूछताछ में उसने पत्नी पर चाकू से हमला करने और बच्चों को तालाब में फेंकने की बात बताई। उसकी निशानदेही पर अनीता का शव बरामद किया गया। रातभर चले एसडीआरएफ के सर्च ऑपरेशन में माही का शव भी तालाब से मिल गया। पुलिस की शुरूआती जांच में अनीता के शरीर पर चाकू के निशान मिले हैं। गला घोंटने की बात भी सामने आई है। माही की मौत पानी में डूबने से होना प्रतीत हो रही है। मौत की वास्तविक वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी।

**लंबे समय से चल रहा था विवाद-** परिजन के मुताबिक- सुनील और अनीता के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। अनीता से दूसरे लोगों के बातचीत करने को लेकर सुनील उस पर शक करता था। करीब 20 दिन पहले भी वह गांव गया था। मारपीट के बाद अनीता को बच्चों के साथ इंदौर लेकर आया था। वारदात के बाद यह भी सामने आया कि सुनील की बड़ी बेटी अनुष्का उसके साथ नहीं रहती थी। उसके साथ भी मारपीट की जाती थी, इसलिए वह अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। ससुराल पक्ष पहले भी सुनील के खिलाफ मारपीट की शिकायत कर चुका है।

**बापू गांधी नगर से झलारिया आया था रहने-** सुनील का परिवार भी कांटाफोड़ का रहने वाला है। वह पेशे से ड्राइवर है। परिवार के साथ कुछ समय पहले ही बापू गांधी नगर से झलारिया के किराए के मकान में रहने आया था। अनीता मूल रूप से देवास जिले के कांटाफोड़ की रहने वाली थी। वह करीब 17-18 साल से इंदौर में रह रहा है।



#### किसी तरह तालाब से बाहर आया

- अजय के मुताबिक, उसके माता-पिता के बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद उसके पिता सुनील चौहान ने मां के साथ मारपीट की। बाद में वह दोनों बच्चों को लेकर हिंगोनिया के पास तालाब पहुंचा। पिता ने उसे और माही को पानी में फेंक दिया।
- इस दौरान वह किसी तरह तालाब से बाहर निकल आया और अकेला पुलिस तक पहुंचा। बच्चे की सूचना पर पुलिस ने तत्काल आरोपी सुनील को तलाशना शुरू किया। कुछ देर बाद पुलिस ने झलारिया गांव से पकड़ लिया।

---

# कनाड़िया रोड से खजराना मंदिर तक लिंक रोड को मंजूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर शहर में विकास कार्यों को गति देने के लिए मंगलवार को नगर निगम में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई बैठक में अवैध कॉलोनियों में निजी भूमि के संपत्तिकर खाते खोलने, नामांतरण प्रक्रिया को सरल करने, कनाड़िया रोड से खजराना मंदिर तक लिंक रोड बनाने और अन्नपूर्णा तालाब के पास स्ट्रीट फूड हब विकसित करने सहित कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक में अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को राहत देते हुए एमआईसी ने तय किया कि पूर्ण स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध होने पर निजी संपत्तियों और प्लॉट के संपत्तिकर खाते खोले जाएंगे। इसके लिए अधिभोगी अथवा अधिवासी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, शासकीय अतिक्रमण या शासकीय भूमि पर संपत्तिकर जमा नहीं किया जाएगा।

इसके अलावा संपत्तियों के नामांतरण की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए एसओपी तैयार करने को मंजूरी दी गई। रणजीत हनुमान रोड स्थित ब्रह्मलीन श्री लक्ष्मणसिंह गौड़ उद्यान परिसर में प्रस्तावित इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल के निर्माण के बाद उसके संचालन और संधारण का काम पीपीपी मॉडल पर करने का निर्णय लिया गया।

फूटी कोठी फ्लायओवर के नीचे उपलब्ध खाली जमीन पर स्मार्ट हब विकसित करने और उसके संचालन-संधारण को पीपीपी मॉडल पर देने की भी मंजूरी दी गई। देवगुराड़िया में 60 टीपीडी नारियल अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए एजेंसी चयन को भी हरी झंडी दी गई।

पलासिया चौराहे को मेसर्स जयदीप इस्पात एंड एलॉयज प्रा. लि. द्वारा सीएसआर के तहत गोद लिया जाएगा। यहां आई लव इंदौर के साथ अखंड भारत थीम आधारित स्मारक स्थापित किया जाएगा। राजकुमार ब्रिज के पास प्लेटफॉर्म क्रमांक 5 और 6 के सामने चंद्रयान की प्रतिकृति के शेष निर्माण, सौंदर्यीकरण और संधारण का काम भी एचडी वायर प्रा. लि. द्वारा सीएसआर के तहत किया जाएगा।

---

# 40 करोड़ में ऐसी सड़क बनाई, तीन साल में 35 बार करना पड़ी मरम्मत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बड़ा गणपति से कृष्णपुरा छत्री तक स्मार्ट सिटी की आदर्श सड़क मात्र 1.7 किमी की है, जिस पर 40 करोड़ खर्च किए गए। दावा था कि ऐसा काम होगा कि लंदन जैसा नजारा देखने को मिलेगा। हकीकत ये है कि तीन साल में इतनी सी सड़क की 35 बार मरम्मत करना पड़ी है।

सोमवार को मामले से अनभिज्ञता जता रहे अफसर अब भी ठेकेदार के भागने, पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं देन जैसे तर्क दे रहे हैं। घटिया निर्माण कैसे हुआ, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। प्रारंभिक तौर पर केवल दो इंजीनियरों को नोटिस दिए गए हैं। गोराकुंड चौराहे के पास सोमवार को नई पानी की लाइन की टेस्टिंग के दौरान पानी की लाइन में लीकेज से सड़क फूटने की घटना के बाद मंगलवार को स्मार्ट सिटी कंपनी की टीम मौके पर पहुंची। स्मार्ट सिटी कंपनी के सहायक यंत्री सौरभ माहेश्वरी और उनकी टीम का तर्क था कि जहां पानी फूटा, वहां से रामदेवरा मंदिर तक का हिस्सा पूरा बना ही नहीं है। अतिक्रमण नहीं हटने से 60 फीट चौड़ी जगह नहीं मिल पाई थी। कहां कनेक्शन हैं पता ही नहीं लापरवाही की हद देखिए- जिस कंपनी ने पानी की लाइन डाली थी, उसे ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है। अब यह तक पता नहीं है कि कंपनी ने पाइपलाइन में कहां-कहां एंड कैप छोड़े थे। इसलिए हाइड्रो टेस्ट किए जा रहे हैं, ताकि इनका पता लगाया जा सके। 32 करोड़ दिए, फिर भी काम पूरा नहीं सड़क बना रही एक एजेंसी बीच में ही काम छोड़कर चली गई।

---

### मार्च से 46 लाख रुपए ज्यादा दान, 4 सीसीटीवी कैमरों और वीडियोग्राफी से हुई काउंटिंग

# खजराना गणेश मंदिर की दानपेटियों से निकले 1.81 करोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर की दानपेटियों से निकली राशि की काउंटिंग मंगलवार को पूरी हो गई। मार्च 2026 के बाद अगस्त में दानपेटियां खोली गई थीं। इस दौरान 40 दानपेटियों से कुल 1 करोड़ 81 लाख 12 हजार 50 रुपए निकले।



इस तरह अगस्त में खजराना गणेश मंदिर की 40 दानपेटियों से कुल 1 करोड़ 81 लाख 12 हजार 50 रुपए की राशि प्राप्त हुई। मंदिर के पुजारी पंडित अशोक भट्ट के मुताबिक, पिछले कई दिनों से मंदिर परिसर में ही दानपेटियां खोली जा रही थीं। इनमें निकले नोटों और सिक्कों की काउंटिंग भी वहीं की गई। काउंटिंग वाले स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इसके अलावा एक वीडियोग्राफर भी मौजूद रहा, जो पूरी प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग कर रहा था। दानपेटियां जहां से लाई जाती थीं, वहां भी वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई थी। पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि इससे पहले मार्च में दानपेटियां खोली गई थीं। उस दौरान इनमें से 1 करोड़ 35 लाख रुपए निकले थे। अगस्त में प्राप्त राशि भी मंदिर के बैंक खाते में जमा करा दी गई है। खजराना गणेश मंदिर में गणेश उत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को मंदिर परिसर में बैठक होगी। कलेक्टर शिवम वर्मा सुबह 11 बजे मंदिर पहुंचकर गणेश उत्सव की तैयारियों, निर्माण कार्यों और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में 10 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, ट्रैफिक, स्वच्छता और पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा होगी।

---

### हर साल लाखों रुपए का बजट जारी होने के बाद भी सरकारी स्कूलों के हाल बेहाल

# बांस-बल्लियों के सहारे बच्चों का भविष्य, टूटी छत, उखड़े प्लास्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

हर साल लाखों रुपए का बजट जारी होने के बाद भी सरकारी स्कूलों के हाल बेहाल हैं। लोधीपुरा स्थित शासकीय विद्यालय क्रमांक 54 में बच्चे बांस के सहारे टिकी चद्दरों के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं।

स्कूल के 5 कमरों में से 3 की छत गिर चुकी है या खतरनाक स्थिति में है। इसके चलते पूरा स्कूल महज 2 कमरों में सिमट कर चल रहा है। इन्हीं दो कमरों में क्लासरूम, स्टाफ रूम और प्रिंसिपल का दफ्तर संचालित हो रहा है।

एक साथ 3 से 4 कक्षाओं के बच्चे एक ही छोटी सी जगह में बैठने को मजबूर हैं। पीछे के तीन कमरों की चद्दर वाली छत गिर चुकी है और रोशनदान पूरी तरह टूट चुके हैं। पानी के नल के पास आसपास के मकानों के लोग कपड़े और बर्तन धोते हैं, क्योंकि उनके घरों के दरवाजे सीधे स्कूल परिसर में खुलते हैं। इस अव्यवस्था पर जब हेडमास्टर संदीप नाचन से सवाल किए तो उन्होंने कोई भी जवाब देने से इनकार कर दिया।

नयापीठा में संचालित उर्दू विद्यालय की इमारत लगभग 100 साल पुरानी है। यहां दो शिफ्ट में नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाएं लग रही हैं। यह भवन तीन हिस्सों में बंटा है- प्राइमरी, मिडिल और हाई स्कूल। मिडिल स्कूल में लड़के और लड़कियों की कक्षाएं और शौचालय अलग-अलग हैं। लड़कियों के लिए तो शौचालय बन गए हैं, लेकिन लड़कों के शौचालय के ठीक पास ही मिड-डे मील (खाना) पकाया जा रहा है।

कक्षाएं भी जर्जर हैं। दो दिन पहले छत पर पानी जमा होने के कारण प्राचार्या के कक्ष की छत टूटकर नीचे आ गिरी। गनीमत रही कि हादसे के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था। प्राचार्या विभा शर्मा ने बताया कि स्कूल के लिए नया दो मंजिला भवन बनाने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। काम पूरा होते ही वहां कक्षाएं शिफ्ट कर दी जाएंगी।

जूना रिसाला स्थित उर्दू स्कूल के भवन की स्थिति बेहद जर्जर है। स्कूल के चारों तरफ बने खुले मैदान की बाउंड्रीवॉल कई जगह से टूटी हुई है, जिससे कोई भी आसानी से परिसर में घुस जाता है। मैदान में पुरानी कंडम गाड़ियां खड़ी हैं और चारों तरफ शराब की बोतलें व सिगरेट का कचरा बिखरा रहता है।

पूरे मैदान में गाजर घास उगी है, जिसमें चूहों के बड़े-बड़े बिल नजर आते हैं। स्कूल का समय सुबह 11 से दोपहर 4 बजे तक है। पीछे के हिस्से में असामाजिक तत्वों की मौजूदगी के स्पष्ट निशान मिले हैं।



#### 162 सरकारी स्कूल, सुविधाएं नहीं

इंदौर जिले में 162 हाई व हायर सेकंडरी सरकारी स्कूल हैं, जिनकी मरम्मत के लिए प्रदेश सरकार से अलग-अलग मदों में बजट जारी होता है। इनमें से पीएम श्री और सीएम राइज योजना के तहत आने वाले 12-15 स्कूलों की स्थिति तो बेहतर है, लेकिन ग्रामीण व पिछड़े इलाकों में संचालित अधिकांश स्कूलों में पीने का पानी, शौचालय और सुरक्षित कमरों जैसी बुनियादी सुविधाएं भी अधूरी हैं।

#### जानकारी बुलाई है कि कहां क्या कमियां हैं

हमने सभी स्कूलों के प्राचार्यों से जानकारी मंगवाई है कि उन्हें अपने परिसरों में क्या-क्या मरम्मत करानी है। कुछ स्कूल हैं, जहां कमरे कम हैं। बजट आते ही वहां कक्षाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। आपके पास जो भी जानकारी या सूची है, दे दीजिए; हम तुरंत सुविधाएं जुटाएंगे। **- शौर्य मल्होत्रा, जिला शिक्षा अधिकारी**

## 10 छात्राओं की बोतलों में मिला दिया पेशाब:बच्चियों ने उसी पानी को पी लिया

मध्यप्रदेश के गुना जिले के एक सरकारी स्कूल में कक्षा 5वीं की 10 छात्राओं की बोतल में क्लासमेट्स ने पेशाब मिला दिया। छात्राएं क्लास रूम से बाहर रंगोली बना रही थीं, तभी शरारती छात्रों ने यह हरकत की। छात्राओं ने पेशाब मिला पानी पी भी लिया। घटना सोमवार सुबह की है। इसके बाद छात्राओं को पता चला कि उनकी पानी की बोतलों में मूत्र मिला दिया गया था। वे रोते-बिलखते हुए स्कूल की प्राचार्य के पास शिकायत लेकर पहुंचीं। इस दौरान प्राचार्य मूलचंद कौशिक ने कहा- मुंह खराब हो गया हो तो 10-10 वाली चॉकलेट खा लो। इसके बाद छात्राएं रोते हुए घर पहुंचीं और स्कूल की घटना की जानकारी दी। मामले की जानकारी लगते ही परिजन गुस्से में आ गए। मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण स्कूल पहुंचे और हंगामा किया। आक्रोशित परिजन ने विरोध दर्ज कराते हुए स्कूल में ताला जड़ दिया। उन्होंने घटना में शामिल दोषी छात्रों और मामले में ढुलमुल रवैया अपनाने की आरोपी प्राचार्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों और परिजन ने नारेबाजी भी की। स्कूल परिसर में हंगामा बढ़ने और स्थिति तनावपूर्ण होने की सूचना प्रशासन को दी गई।

## सीएम राइज में स्कूल का विलय रोकने कलेक्ट्रेट पहुंचे जेन अल्फा

**अशोकनगर।** शहर के प्राथमिक शाला के स्टूडेंट्स का अनोखा और हैरान करने वाला आंदोलन कलेक्ट्रेट परिसर में देखने को मिला। सीएम राइज स्कूल में मर्ज किए जाने के विरोध में जेन अल्फा स्कूल यूनिफॉर्म पहने ही कलेक्ट्रेट पहुंच गए। स्कूल समय के दौरान स्कूल बचाओ संघर्ष समिति द्वारा इन बच्चों को ऑटो में बैठाकर प्रदर्शन के लिए कलेक्ट्रेट लाया गया था। कलेक्ट्रेट पहुंचे मासूमों का कहना था कि उनके स्कूल को सीएम राइज स्कूल में मर्ज किया जा रहा है, जो उनके घर से 7 किमी दूर है। प्रदर्शन के दौरान बच्चे कलेक्ट्रेट परिसर में लट्टू (स्पिनिंग टॉप) चलाते और गुलटाई खाते भी नजर आए। दोपहर करीब 2 बजे बच्चों को ऑटो में भरकर कलेक्ट्रेट लाया गया। ये ऑटो ओवरलोड थे। बच्चे पीछे की सीटों और पायदान के पास खतरनाक तरीके से बैठे हुए थे।

## सुठालिया परियोजना के किसानों का प्रदर्शन, 4 गुना मुआवजे की मांग

राजगढ़ में सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों ने मंगलवार को मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना दिया। गुना और राजगढ़ जिले के किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। किसानों की मुख्य मांग है कि परियोजना से प्रभावित सभी परिवारों को चार गुना मुआवजा दिया जाए। साथ ही वर्षों से लंबित पुनर्वास और परिसंपत्तियों के भुगतान का निपटारा किया जाए। धरने के दौरान नेताओं ने सरकार पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन को बांध स्थल तक ले जाने का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि मांगें नहीं मानी गईं तो परियोजना का काम रोका जा सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब केवल ज्ञापन देने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने प्रभावित 65 गांवों के किसानों से एकजुट होकर बांध स्थल पर काम रोकने का अभियान चलाने का आह्वान किया।

## कुपोषण बढ़ा, पोषण घटा:300 दिन देना था आहार, मिला सिर्फ 170 दिन

**बालाघाट।** बालाघाट के आदिवासी इलाकों में ही नहीं, पूरे मध्यप्रदेश में कुपोषण के हालात चिंताजनक हैं। केंद्र के मिशन पोषण 2.0 के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं तथा 6 वर्ष तक के बच्चों को साल में कम से कम 300 दिन पोषण आहार देना है। इसके मुकाबले प्रदेश की 97 हजार आंगनबाड़ियों को एक साल में जुलाई तक करीब 170 दिन ही नियमित पोषण आहार मिल पाया। प्रदेश में पोषण आहार बनाने वाले रीवा, सागर, देवास, शिवपुरी और होशंगाबाद सहित जिलों के सभी 7 प्लांट भारी घाटे के चलते बंद हो चुके हैं। नई व्यवस्था के लिए अब तक टेंडर भी जारी नहीं हुए हैं। यह स्थिति तब है, जब एनएफएचएस-6 के ताजा आंकड़ों में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अंडरवेट बच्चे 33% से बढ़कर 42% से अधिक हो गए हैं। यानी 10 में 4 से ज्यादा बच्चे अंडरवेट हैं। हर चौथा बच्चा वेस्टिंग यानी ह्यसूखाह्न से प्रभावित है। एनएफएचएस-6 के मुताबिक राष्ट्रीय स्तर पर कुपोषण के ज्यादातर इंडिकेटर सुधरे, लेकिन मप्र में स्थिति चिंताजनक है। प्रदेश में वेस्टिंग यानी लंबाई के अनुपात में कम वजन वाले बच्चे 6% बढ़े हैं और अब हर चौथा बच्चा इससे प्रभावित है।

## हर साल 100 करोड़ रुपए का अनुदान देगी सरकार

**भोपाल।** नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए राज्य सरकार निर्मल एवं अविरल मां नर्मदा मिशन (नमन मिशन) बनाएगी। मप्र सोसाइटी पंजीकरण एक्ट के तहत स्वायत्त संस्था के रूप में इसका पंजीयन होगा। मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे। साधारण सभा में 19 विभागों के मंत्री और 10 विशेषज्ञ सदस्य रहेंगे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति काम करेगी।

# शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के साथ जमीन पर बैठे आयुक्त

### बोले- कोर्ट के फैसले तक करें इंतजार; 1 हजार उम्मीदवार नौकरी से वंचित हैं



**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में आवेदन की अंतिम तिथि तक डिग्री नहीं रखने वाले, लेकिन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों से लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने मंगलवार रात जमीन पर बैठकर बातचीत की।

पिछले 15 दिनों से ये उम्मीदवार कार्यालय दिवस में लोक शिक्षण आयुक्त कार्यालय के बाहर डेरा डालकर नौकरी की मांग कर रहे हैं। मंगलवार रात करीब 8:30 बजे आयुक्त अभिषेक सिंह लोक शिक्षण संचालनालय से घर जा रहे थे। प्रदर्शन कर रहे उम्मीदवारों ने उनसे बात करने की कोशिश की। इस पर आयुक्त कार्यालय के गेट के सामने ही उनके साथ जमीन पर बैठ गए और सभी की बात सुनी। आयुक्त ने उम्मीदवारों को आश्वस्त किया कि वे नियमानुसार ही कार्रवाई कर सकते हैं और फिलहाल कोर्ट के फैसले का इंतजार किया जाए। कुछ अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट का फैसला उम्मीदवारों के पक्ष में आने पर उन्हें सेवा में लेने की प्रक्रिया की जा सकती है। प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद करीब 1,000 उम्मीदवार परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बावजूद नौकरी से वंचित हैं। दरअसल, आवेदन की अंतिम तिथि तक उनके पास डीएलएड की डिग्री पूरी नहीं थी। इसी वजह से रूलबुक के आधार पर आयुक्त ने उन्हें सेवा में लेने से इनकार किया है। आयुक्त अभिषेक सिंह ने प्रदर्शनकारियों की बातें सुनने के बाद उन्हें घर जाने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि नियमानुसार कोई अवसर मिला तो उन्हें सेवा में लेने में पीछे नहीं हटेंगे। प्रदर्शन में शामिल लड़कियों से उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वे यहां न रुकें और घर चली जाएं। बारिश के मौसम में खुले में रुकना ठीक नहीं है। प्रदर्शन कर रहे उम्मीदवारों में से 55 ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। उनका कहना है कि कर्मचारी चयन मंडल की आवेदन प्रक्रिया में यह स्पष्ट नहीं किया गया था कि आवेदन की अंतिम तिथि तक डिग्री पूरी होना अनिवार्य है। इसलिए उन्हें अपात्र करना उचित नहीं है और सेवा में लिया जाना चाहिए। उम्मीदवारों के मुताबिक, वर्ष 2025 में कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से प्राथमिक शिक्षक वर्ग-3 के 13,089 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। आवेदन के दौरान रिजल्ट जारी होने तक संपूर्ण शैक्षणिक योग्यता होने की बात कही गई थी।

# अधिकांश पात्र परिवारों को मुआवजे का भुगतान हुआ, आंदोलनों में बाहरी तत्व शामिल

### केन-बेतवा प्रोजेक्ट के आंदोलनों पर सरकार की सफाई




**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर मध्य प्रदेश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच केंद्र सरकार ने परियोजना और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। जल शक्ति मंत्रालय से जारी पीआईबी के प्रेस नोट में कहा है कि प्रभावित परिवारों को मुआवजा और पुनर्वास लाभ नहीं मिलने के आरोप गलत और भ्रामक हैं।

सरकार के मुताबिक अधिकांश पात्र परिवारों को मुआवजा और पुनर्वास का लाभ मिल चुका है, जबकि कुछ मामलों में केवल कागजी औपचारिकताएं बाकी हैं। प्रेसनोट में कहा है कि केन-बेतवा परियोजना के खिलाफ मध्यप्रदेश के कुछ इलाकों में जनजातीय परिवारों के बिना मुआवजे विस्थापन के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसके विरोध में 'चिता आंदोलन', 'फांसी प्रदर्शन' और 'जल सत्याग्रह' जैसे प्रतीकात्मक प्रदर्शन किए जाने की खबरें सामने आई हैं। सरकार का कहना है कि इन प्रदर्शनों में उठाए जा रहे मुआवजा और पुनर्वास से जुड़े आरोप वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाते। सरकार के अनुसार पुनर्वास के लिए कुल 5,039 प्रभावित परिवारों की पहचान की गई है। इनके लिए 629.87 करोड़ का मुआवजा तय किया गया है, जिसमें से 590.74 करोड़ यानी 93.78 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष भुगतान कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद किया जाएगा। सरकार का कहना है कि पात्र परिवारों को लाभ से वंचित न रहना पड़े, इसके लिए भूमि रिकॉर्ड का लगातार सत्यापन किया जा रहा है। पीआईबी के मुताबिक जुलाई 2026 तक 10,913 प्रभावित लोगों के कृषि भूमि मुआवजे के लिए 360.66 करोड़ तय किए गए। इसमें से 320.45 करोड़ यानी 88.85 प्रतिशत राशि वितरित की जा चुकी है।

### जमीन के लिए 12.50 लाख प्रति हेक्टेयर तक मुआवजा

सरकार ने कहा है कि भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास की प्रक्रिया 2013 के कानून तथा मध्यप्रदेश सरकार के 13 सितंबर 2023 को स्वीकृत विशेष पुनर्वास पैकेज के अनुसार की जा रही है। अधिगृहीत जमीन के लिए कानून के अनुसार निर्धारित मुआवजा अथवा 12.50 लाख प्रति हेक्टेयर, जो भी अधिक हो, दिया जा रहा है। मकान, पेड़, कुएं, ट्यूबवेल और दूसरी अचल परिसंपत्तियों का मुआवजा भी नियमानुसार निर्धारित किया जा रहा है। पुनर्वास पैकेज के तहत पात्र परिवारों को ग्रामीण क्षेत्र में प्लॉट के लिए 7 लाख और शहरी क्षेत्र में प्लॉट के लिए 6.50 लाख दिए जा रहे हैं। जो परिवार प्लॉट का विकल्प नहीं लेते, उन्हें एकमुश्त 12.50 लाख की सहायता देने का प्रावधान बताया गया है। अनुसूचित क्षेत्रों में पात्र एससी-एसटी परिवारों के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता का भी प्रावधान है।



# निगम से सहायक यंत्री का 'डिजिटल सिग्नेचर डोंगल' चोरी

### भाजपा पार्षद डोंगल जेब में रखते दिखे

**ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर**

ग्वालियर नगर निगम मुख्यालय, सिटी सेंटर स्थित टेंडर शाखा से प्रभारी सहायक यंत्री का डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट डोंगल चोरी होने का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया कि डोंगल किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि वार्ड क्रमांक 21 के भाजपा पार्षद बृजेश श्रीवास ने उठाकर अपनी जेब में रख लिया और वहां से चले गए। पूरी घटना कार्यालय में लगे उउळश कैमरे में कैद हुई है।

घटना 23 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 2.50 बजे विद्युत विभाग की टेंडर शाखा में हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त संघप्रिय ने विश्वविद्यालय थाना पुलिस को पत्र लिखकर पार्षद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा है। पार्षद बृजेश श्रीवास का कहना है कि गलती से डोंगल उनकी जेब में आ गया था

शिकायत के मुताबिक, 23 जुलाई को नगर निगम मुख्यालय की टेंडर शाखा में विद्युत विभाग के टेंडर अपलोड करने की प्रक्रिया चल रही थी। इसके लिए प्रभारी सहायक यंत्री (विद्युत) रामबाबू दिनकर का डिजिटल सिग्नेचर डोंगल टेबल पर रखा था। इसी दौरान वार्ड 21 के पार्षद बृजेश श्रीवास टेंडर शाखा में आकर बैठ गए। उनके जाने के बाद जब टेंडर अपलोड करने के लिए डोंगल की जरूरत पड़ी तो वह टेबल पर नहीं मिला। कर्मचारियों ने पूरे कार्यालय में उसकी तलाश की, लेकिन शाम तक कोई सुराग नहीं मिला। डोंगल नहीं मिलने पर कार्यालय में लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली गई। फुटेज में पार्षद बृजेश श्रीवास टेबल पर रखा डिजिटल सिग्नेचर डोंगल उठाकर अपनी जेब में रखते और वहां से जाते दिखाई दिए।

मामले में टेंडर शाखा के लिपिक बनवारी बाथम, कंप्यूटर ऑपरेटर दुष्यंत शर्मा और लवलेश श्रीवास्तव ने लिखित बयान दिए हैं। उन्होंने भी पार्षद द्वारा डोंगल जेब में रखकर ले जाने की पुष्टि की है। डिजिटल सिग्नेचर डोंगल गायब होने से टेंडर प्रक्रिया प्रभावित होने और उसके दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए निगमायुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने विश्वविद्यालय थाना प्रभारी को पत्र भेजकर फुटेज और कर्मचारियों के बयानों के आधार पर पार्षद के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए FIR दर्ज करने के लिए कहा है।

# उमरिया में एसई के सरकारी आवास में चोरी



**ब्रह्मास्त्र ›› उमरिया**

उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली स्थित संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के एसई वीरेंद्र सिंह के सरकारी आवास में चोरी का मामला सामने आया है। मंगलवार को हुई इस घटना में उनके घर से 10 तोला सोना, ढाई लाख रुपए नकद, दो बंदूकें और एक एयरगन चोरी हो गई।

इस चोरी के मामले में एसई वीरेंद्र सिंह ने अपने वरिष्ठ अधिकारी, मुख्य अभियंता एच.के. त्रिपाठी और एक अन्य व्यक्ति राम सिंह बघेल पर साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जब वे अपनी पत्नी के इलाज के लिए बाहर गए हुए थे, तब उन्हें फोन पर घर का ताला टूटने और चोरी होने की सूचना मिली। मुख्य अभियंता एच.के. त्रिपाठी ने इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है, लेकिन चूंकि चोरी हुई है और नुकसान हुआ है, तो एसई ने आरोप लगाए होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एसई का ट्रांसफर हुआ है, संभवतः इसी कारण वे ऐसा मान रहे हैं।

पाली थाना प्रभारी गोविंद सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही इस संबंध में कुछ भी कहना संभव होगा।

## ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करते तीन बदमाश पकड़ाए

**ब्रह्मास्त्र ›› बदनावर**

बदनावर में कानवन के गांव मुरडका में ट्रांसफार्मर से तेल चुराते हुए तीन बदमाशों को सोमवार रात ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपियों के पास से 200 लीटर चोरी का तेल और घटना में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट कार जब्त की है। गांव वालों ने बदमाशों को ट्रांसफार्मर तोड़कर तेल चुराते हुए मौके पर ही धर दबोचा। इसके बाद ग्रामीणों ने बदमाशों के हाथ-पैर बांधकर पुलिस को खबर दी। कानवन टीआई रविंद्र कुमार बारिया टीम के साथ मौके पर पहुँचे और तीनों को थाने ले आए।

# बीना में शराब दुकान कर्मचारी से मारपीट, वाहन में तोड़फोड़

### पाइप-बेल्ट से पीटा, पीड़ित के शरीर पर पड़े निशान, 4 लोगों पर केस



**ब्रह्मास्त्र ›› बीना**

बीना में 14 अगस्त को शराब दुकान के एक कर्मचारी से मारपीट, गाड़ी में तोड़फोड़ और अपहरण की कोशिश के मामले में सोमवार को चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह कदम तीन दिन पहले बेलई तिराहा पर हुई घटना की जांच के बाद उठाया है।

मंगलवार को अशोकनगर के रहने वाले और बीना की शराब दुकान में काम करने वाले विवेक राय (24) ने बताया कि तीन दिन पहले वह अपने साथी संदीप राय के साथ बोलेरो गाड़ी से बेलई तिराहा गया था। वहां नीरज राय, प्रमोद तिवारी, नरेश राय और सक्षम जैन स्कॉर्पियो से आए और बोलेरो के आगे गाड़ी अड़ाकर रास्ता रोक दिया। आरोपियों ने उन पर मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए झगड़ा शुरू कर दिया।

आरोप है कि सक्षम जैन ने डंडे से बोलेरो के कांच फोड़ दिए। इसके बाद चारों आरोपियों ने विवेक और संदीप की पाइप, बेल्ट व लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी, जिससे विवेक के शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने उन्हें जबरन साथ ले जाने की कोशिश भी की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेक राय की अर्जी पर प्रमोद तिवारी, नरेश राय, नीरज राय और सक्षम जैन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 140(3), 115(2), 351(3), 324(4) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर दी है।

## दिल्ली की साइबर ठगी के तार भोपाल से जुड़े:कमला नगर में दबिश, एक संदिग्ध हिरासत में

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

दिल्ली के कनाट प्लेस इलाके में हुई साइबर ठगी की जांच के तार भोपाल तक पहुंचने के बाद दिल्ली साइबर क्राइम पुलिस ने मंगलवार रात कमला नगर के सबरी नगर में दबिश दी। टीम ने कार्रवाई के दौरान एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उससे साइबर ठगी की रकम और उससे जुड़े लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है।जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में हुई साइबर ठगी की रकम की ट्रेसिंग के दौरान कुछ लेन-देन भोपाल के बैंक खातों से जुड़े मिले। जांच में सामने आया कि ठगी से हासिल रकम कमला नगर क्षेत्र में रहने वाले दो लोगों के बैंक खातों में पहुंची थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम भोपाल पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से संदिग्धों की जानकारी जुटाई। सोमवार रात टीम ने सबरी नगर में एक ठिकाने पर दबिश देकर एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के लिए उसे अपने साथ ले जाया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उसके खाते में रकम किस माध्यम से पहुंची और साइबर ठगी करने वाले गिरोह से उसका किस तरह का संबंध है।

# नाबालिग से मिलने पहुंचा प्रेमी, पिता ने हमला किया, अस्पताल में भर्ती

### युवक के गले में 7ब्राय 2 सेंटीमीटर का घाव, आरोपी हिरासत में





**ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम**

रतलाम में नाबालिग के पिता ने बेटी से मिलने पहुंचे प्रेमी पर हमला कर दिया। उसके गले में गंभीर चोट आई। युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरोपी का कहना है कि उसने हमला नहीं किया बल्कि युवक ने खुद ही अपना गला काटा। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। मामला औद्योगिक थाना इलाके में मंगलवार का है। लड़की हिंदू है जबकि उसका प्रेमी मुस्लिम समुदाय से आता है।

पुलिस के मुताबिक, बिरियाखेड़ी निवासी समीर कुरैशी (20) मंगलवार दोपहर को 16 वर्षीय नाबालिग से मिलने उसके घर पहुंचा था। नाबालिग के माता-पिता किसी काम से बाहर गए थे। दोनों घर में ही बात करने लगे। इसी दौरान नाबालिग के माता-पिता घर लौट आए। समीर को घर के अंदर देखकर पिता गुस्से में आ गए। दोनों के बीच विवाद हुआ। समीर का आरोप है कि नाबालिग के पिता ने घर में रखी कांच की बोतल फोड़कर उसके गले पर वार कर दिया। इससे समीर का गला कट गया। शोर-शराबा सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। डायल-112 को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

डॉक्टरों के मुताबिक, समीर के गले के बीचों-बीच करीब घाव हुआ है। दो छोटी नसें भी कटी हैं। उसने बड़ी मुश्किल से बयान दर्ज कराए। उधर, नाबालिग ने भी पुलिस को बताया कि उसके पिता ने कांच की बोतल फोड़कर समीर पर हमला किया। उसने समीर को अपना प्रेमी बताते हुए कहा कि दोनों करीब तीन साल से एक-दूसरे को जानते हैं। उधर, आरोपी पिता ने कहा- मैंने समीर को नहीं मारा है। उसने खुद ही कांच का गिलास से अपना गला काटा है। उन्होंने कहा, पड़ोसियों ने फोन करके सूचना दी थी कि घर में कोई युवक घुस गया है। हम वहां पहुंचे तो अंदर से दरवाजा बंद था। हमने दरवाजा खुलवाने के लिए आवाज लगाई। अंदर से आवाज आई-मैं मर जाऊंगा, तू मेरा साथ देना। दरवाजा खुला तो समीर घायल हालत में जमीन पर पड़ा था। हमने ही पुलिस और 108 को कॉल किया था। मेडिकल ऑफिसर डॉ. चंदन द्विवेदी ने कहा- समीर की हालत स्थिर है। आगे की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। वहीं, सब इंस्पेक्टर ध्यान सिंह सोलंकी ने कहा- समीर के खिलाफ 2022 में डीडी नगर थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत इसी नाबालिग के अपहरण का केस दर्ज किया गया था।

# केरलम में एक्ट्रेस मालविका शर्मा से पूछा गया सवाल तो हुईं अनकम्फर्टेबल, बोलीं- मैं शाकाहारी हूं



एक्ट्रेस मालविका शर्मा हाल ही में केरलम में एक रिपोर्टर के सवाल से असहज हो गईं, जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें बीफ पसंद आया। जिस पर एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाकाहारी हैं। रिपोर्टर के सवाल को लेकर सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने नाराजगी जताई।

दरअसल एक्ट्रेस मालविका शर्मा अपनी अपकमिंग फिल्म खलीफा के प्रमोशन के दौरान केरलम में मीडिया से बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान उनसे पूछा गया कि केरलम में उन्हें कौन सा खाना पसंद आया? जिस पर उन्होंने कहा कि मुझे बहुत सारा खाना चखने का समय नहीं मिला, लेकिन आमतौर पर मुझे लगता है कि मैंने काफी सारा चावल, ग्रेवी और करी जैसी चीजें खाई हैं। इसके बाद उनसे एक रिपोर्टर ने पूछा, क्या आपको बीफ पसंद आया? इस सवाल पर मालविका थोड़ी असहज नजर आईं और उन्होंने जवाब दिया, ₹मैं शाकाहारी हूं, इसलिए मैंने बीफ नहीं चखा है।

सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने रिपोर्टर के इस सवाल को लेकर नाराजगी जताई। एक एक्स यूजर ने लिखा, क्या ऐसा बेवकूफी भरा सवाल पूछना वाकई जरूरी था? वहीं दूसरे यूजर ने कहा, वे सिर्फ विवाद पैदा करना चाहते हैं। एक अन्य यूजर ने दावा किया कि इसी केरलम मीडिया ने फिल्म प्रमोशन के दौरान प्रिय प्रकाश को भगवा रंग के कपड़े पहनने को लेकर भी ताना मारा था

### कौन हैं मालविका शर्मा?

मालविका शर्मा एक एक्ट्रेस और मॉडल हैं, जो मुख्य रूप से तेलुगु फिल्मों में काम करती हैं। उनका जन्म 26 जनवरी 1999 को मुंबई में हुआ। उन्होंने साल 2018 में रवि तेजा के साथ फिल्म नेला टिकट से एक्टिंग करियर की शुरूआत की।

इसके बाद 2021 में वह फिल्म रेड में नजर आईं। इस फिल्म में उन्होंने महिमा का किरदार निभाया था। मालविका ने तमिल फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया। 2022 में वह कॉफी विद काधल में दिखाई दीं। इसके बाद 2024 में उन्होंने तेलुगु फिल्मों भीमा और हरोम हारा में काम किया। बता दें कि मालविका ने रिजवी लॉ कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई की,

## कंगना के ह्यजेनरेशन गटरह्व वाले बयान पर भड़के बाबा रामदेव, बोले-

# पहले के कारनामे कैसे रहे हैं?; ये बिगड़े दिमाग की निशानी

योग गुरु बाबा रामदेव ने जेन` को लेकर कंगना रनोट के जेनरेशन गटर वाले बयान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को गटर जेनरेशन कहना खराब मानसिकता को दशार्ता है।

टीवी 9 भारतवर्ष के साथ बातचीत में बाबा रामदेव ने जेन` को लेकर कंगना की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, उनका क्वालिफिकेशन क्या है? उनका बचपन कैसा रहा है? उनकी जवानी कैसी रही है? उनके पहले के कारनामे कैसे रहे हैं? मैं ऐसे लोगों के बारे में बात नहीं करना चाहता। ऐसे किसी भी देश के जवान को, जेन` को गटर-पटर बोलना, ये बिगड़े हुए दिमाग की निशानी है। गलत बात है। इसके ऊपर जो है, उनके पार्टी के लोगों को संज्ञान लेना चाहिए।

जब सवाल पूछा गया कि वो आपके योग की प्रशंसक रही हैं तो बाबा रामदेव ने कहा कि ह्लमेरी प्रशंसा करें, योग की प्रशंसा करें तो मैं उनके गुनाहों पर यहां लीपापोती कर दूं?ह्व बाबा रामदेव ने यह भी कहा कि युवा की कोई जाति नहीं है। युवा में सब हैं। उसमें ब्राह्मणों के भी बालक हैं, क्षत्रियों के भी, वैश्यों के भी, दलित के भी, आदिवासी-वनवासी के, रउ-रळ के, सबके बालक हैं। आज युवा अपने आप में एक बहुत बड़ी ताकत है, उसको कोई नकार नहीं सकता।

दरअसल, हाल ही में कंगना ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा था, ₹सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात युवा हिंदू महिलाओं का व्यवहार है। वे स्वतंत्र और करियर बनाने वाली महिलाओं की जिंदगी की नकल करना चाहती हैं, लेकिन उस आजादी को कमाना नहीं चाहतीं। जो महिलाएं वास्तव में स्वतंत्र होती हैं, वे विद्रोही फैसले लेती हैं, बेबाक राय रखती हैं, परंपराओं से हटकर करियर चुनती हैं और अपने हर फैसले की जिम्मेदारी भी खुद उठाती हैं,



## कंगना रनोट सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचीं, गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया

बॉलीवुड एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनोट मंगलवार को मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचीं। उन्होंने मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और वहां कुछ समय बिताया।

मंदिर दर्शन के दौरान कंगना पीली साड़ी में नजर आईं, जिस पर गोल्डन बॉर्डर था। उन्होंने इसके साथ मैचिंग ब्लाउज और ऑरेंज-गोल्डन दुपट्टा पहना था। लाल बिंदी, सिंपल ज्वेलरी और मिनिमल मेकअप से उन्होंने अपना लुक पूरा किया। मंदिर में दर्शन के बाद कंगना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की। कंगना ने अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि उन्होंने सिद्धिविनायक मंदिर के साथ मुंबई की माता श्री मुंबा देवी मंदिर के भी दर्शन किए। उन्होंने लिखा, 'आज मुंबई के राजा श्री सिद्धिविनायक जी और मुंबई की माता श्री मुंबा देवी के दर्शन किए।'



अभिनेता रणवीर सिंह ने अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग रविवार को मुंबई में शुरू कर दी है। मेकर्स की आधिकारिक घोषणा के अनुसार, यह एक एंड-ऑफ-द-वर्ल्ड (दुनिया के अंत) के संकट पर आधारित एक्शन थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी मुंबई शहर की पृष्ठभूमि पर सेट है, जिसमें तबाही के बीच इंसानी जिंदगी को बचाने की लड़ाई दिखाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट में रणवीर सिंह मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ को-प्रोड्यूसर की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। फिल्म में उनके साथ साउथ की 'लोका' फेम एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य किरदार में नजर आएंगी। रियल लोकेशन्स पर होगी शूटिंग, महीनों चला प्री-प्रोडक्शन फिल्म का निर्देशन 'स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी' और 'लुटेरे' से पहचान बनाने वाले निर्देशक जय मेहता कर रहे हैं। मेकर्स के मुताबिक, फिल्म को रियलिस्टिक लुक देने के लिए मुंबई और आसपास की असली लोकेशन्स पर शूट किया जा रहा है। कैमरे के सामने शूटिंग शुरू होने से पहले फिल्म की टीम ने कई महीनों तक काफी तकनीकी प्री-प्रोडक्शन पर काम किया है।

# शाहरुख के घर मन्नत में दो सांप दिखे, रेस्क्यू टीम ने पकड़ा



शाहरुख खान के मुंबई स्थित मशहूर बंगले मन्नत में 17 अगस्त को लॉन में दो सांप दिखे। सुरक्षा के मद्देनजर तुरंत रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। टीम ने एक सांप पकड़ लिया है, हालांकि दूसरा सांप अब भी बंगले में ही है।

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार रात करीब 8 बजे एक स्नेक रेस्क्यूअर को मन्नत के अंदर दो सांप दिखने की जानकारी दी गई। इसके बाद बंगले में तलाशी शुरू की गई, जिसमें एक सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया। रेस्क्यू किए गए सांप की लंबाई करीब 8 फीट थी। उसकी पहचान धामन के रूप में हुई, जिसे इंडियन रैट स्नेक भी कहा जाता है। यह सांप गैर-जहरीला होता है और बंगले के परिसर में एक सीढ़ी के नीचे छिपा मिला।

रेस्क्यू की कोशिश पूरी तरह सफल नहीं रही। परिसर में लोगों की आवाजाही शुरू होने पर दूसरा सांप भाग गया। देर शाम तक उसकी तलाश जारी रही

## शाहरुख, अजय, टाइगर पर भड़के मुकेश खन्ना, पान मसाला एड करने पर कहा- केसरिया आदाब के लिए नहीं

शक्तिमान और महाभारत में भीष्म पितामह का किरदार निभाने वाले मुकेश खन्ना ने पान मसाला विज्ञापन को लेकर बयान दिया है। उन्होंने शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन से मिले कारण बताओ नोटिस का समर्थन किया।



मुकेश खन्ना ने कहा कि इन कलाकारों को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने विज्ञापन पर तंज कसते हुए कहा कि ये कलाकार बाजार में केसरिया आदाब करके घूम रहे थे।

मुकेश खन्ना ने एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने कहा, सरकार की तरफ से, ऋछ्अ की तरफ से जो तीन बड़े कलाकार बाजार में केसरिया आदाब करके घूम रहे थे, उनके खिलाफ नोटिस भेजा गया है। मुझे खुशी होती है कि कभी-कभी सरकार मेरी बातों पर ध्यान देती है, लेकिन जरा देर से ध्यान देती है। इसमें समय लगाती है। वीडियो के साथ मुकेश खन्ना ने लिखा, केसरिया आदाब के लिए नहीं होता। शौर्य, साहस और पराक्रम के लिए होता है। शर्म आती है ये देखकर, जब कोई आदाब करता है और इशारों से कहता है- गुटखा खाओ।

उन्होंने आगे लिखा, शर्म की हद तब हो जाती है, जब ऐसा करने वाला जनता का पसंदीदा कलाकार होता है। समझ नहीं आता कि वह ये भद्दा आदाब क्यों करता है, जबकि उसके पास सब कुछ है। मुकेश खन्ना ने कहा कि कलाकार युवाओं को सुधार सकते हैं, फिर उन्हें युवाओं को बिगाड़ने वाले विज्ञापन नहीं करने चाहिए। उन्होंने लिखा, शुक्र है, देर-सबेर ऋछ्अ जागा और नोटिस भेजी गई कि तुम लोग ऐसा क्यों कर रहे हो। जवाब का दुनिया को इंतजार है। मुझे भी। क्या आपको है?

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ






## जोक्स

पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!




कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो भूत वाली मूवी देखो... कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!



## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

### ऊपर से नीचे

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 3 | | 6 | | 10 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 24 | | 2 | | 12 | | 2 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 32 | | 43 | | 18 | | 22 | = | |

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

---------------

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत कर्म, कमर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | x | 2 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| + | | + | | - | | + | | + |
| 20 | x | 5 | - | 50 | + | 2 | = | 25 |
| + | | + | | + | | + | | + |
| 30 | + | 30 | x | 1 | - | 30 | = | 30 |
| - | | - | | + | | + | | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 50 | - | 12 | - | 30 | + | 21 | = | |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

■ वर्ष-12 अंक-286 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 19 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

नास्ति सत्यसमो धर्मो न सत्याद्विद्यते परम्।
न हि तीव्रतरं किञ्चिदनृतादिह विद्यते।।

**भावार्थ** : सत्य के समान दूसरा कोई धर्म नहीं है। सच के सिवाय कुछ नहीं। झूठ से ज्यादा तीव्र कुछ भी नहीं है।

सत्येन पूयते साक्षी धर्मः सत्येन वर्धते।
तस्मात् सत्यं हि वक्तव्यं सर्ववर्णेषु साक्षिभिः।।

**भावार्थ** : सत्य के वचन से बुद्धि की शुद्धि होती है, सत्य से धर्म की वृद्धि होती है। इसलिए साक्षी को सभी वर्णों में सत्य बोलना चाहिए।

## क्रीडकानां न्यायः केवलं रनस्य विकेटस्य वा आधारेण न भवति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

भारतीय-डगौट्-मध्ये गम्भीरस्य स्मितेन अस्य प्रदर्शनस्य महत्त्वं अधिकं बोधितम्। वार्म-अप-क्रीडायाः...अस्मिन् प्रारूपे क्रीडकानां न्यायः केवलं रनस्य विकेटस्य वा आधारेण न भवति; दलप्रबन्धनं तेषां कार्यप्रदर्शनस्य, आत्मविश्वासस्य, दबावेन निर्णयं कर्तुं क्षमता च निरीक्षते। अन्तिम-ओवर-काले बररः यथा बृहत्-शॉट्-प्रहारं कृतवान् तत् रचित-प्रकारं तस्य आत्मविश्वासस्य स्पष्ट-सूचकरूपेण कार्यं करोति । द्वितीयदिवसस्य नाटकेन भारतस्य कृते अनेकाः सकारात्मकाः विषयाः आगताः। पडिक्कल् अपराजितशतकेन स्वस्य प्रकरणं सुदृढं कृतवान्।

## सम्पादकीयम्

### असमानता

अमेरिकादेशे भारते च वर्धमानस्य आर्थिकवैषम्यस्य विषये चिरकालात् विवादः अस्ति। यद्यपि केचन विशेषज्ञाः एतत् सामाजिकराजनैतिकचुनौत्यस्य स्रोतः इति पश्यन्ति तथापि जॉन् ओ.मैक्गिनिस् स्वपुस्तके तर्कयति यत् धनिनः लोकतन्त्रस्य अन्तः संतुलनं, नवीनतां, वैचारिकवैविध्यं च पोषयन्ति। मृत्युञ्जयरायः - विगतदशकेषु अमेरिकादेशे धनिनः अधिकधनवन्तः भवन्ति इति विषये महत्त्वपूर्णा चर्चा अभवत्, यदा तु मध्यमवर्गस्य आर्थिकसमृद्धिः स्थगितवती अस्ति। तत्र 'कब्ज वालस्ट्रीट्' इत्यादीनि आन्दोलनानि उद्भूताः, येषां लक्ष्यं शीर्ष १ प्रतिशतं भवति स्म-अतिधनवन्तः। प्रायः तर्क्यते यत् वर्धमानसामाजिकवैषम्यं अस्थिरतां जनयति। अमेरिकादेशे अतिधनवन्तः करं दातुं आग्रहाः अपि अभवन्; विशेषतः बर्कशायर-हैथवे-संस्थायाः संस्थापकः विश्वस्य धनिकतमव्यक्तिषु अन्यतमः वारेन बफेट् इत्ययं अस्य वकालतम् अकरोत्। भारते अपि वादविवादः धनिकजनानाम् विषये अयं वादविवादः अमेरिकादेशे महत्त्वपूर्णः अस्ति यतोहि अयं विश्वस्य सर्वाधिकशक्तिशाली लोकतन्त्रः अस्ति, बृहत्तमा अर्थव्यवस्था च अस्ति। इदानीं भारते-विश्वस्य बृहत्तमः लोकतन्त्रे-विगतकेषु दशकेषु वर्धमानसामाजिकवैषम्यं विषये अपि वादविवादः अभवत् प्रसिद्धः अर्थशास्त्री थोमस पिकेट्टी, भारते वित्तीयसमयस्य पूर्वसंवाददाता जेम्स् क्रैब्ट्री च देशस्य वर्धमानस्य।

## उज्जैनस्य नागचन्द्रेश्वरमन्दिरे विशालजनसमूहस्य कारणेन अराजकता

# १३ भक्ताः रोगी भवन्ति, ६.५ लक्षं प्रार्थनां कुर्वन्ति, भक्तानां विशालः उफानः आगतः



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकालेश्वरमन्दिरसङ्कुलस्य उपरितनभागे स्थितस्य नागचन्द्रेश्वरमन्दिरस्य भ्रमणकाले भगदड़सदृशी स्थितिः उत्पन्ना; तथापि मन्दिरप्रबन्धनसमित्या भगदड़स्य सूचनाः अङ्गीकृताः। नागपञ्चमी 'सावनसोमवासरे' सङ्गच्छते इति कारणेन भक्तानां विशालः उफानः आगतः। नागचन्द्रेश्वरमन्दिरं द्रष्टुं त्वरितम्-यत् वर्षे एकवारं एव उद्घाट्यते-अल्पकालं यावत् भगदड़सदृशाः परिस्थितयः सृज्यन्ते, येन तापस्य आर्द्रतायाः च कारणेन अनेके जनाः रोगाक्रान्ता अभवन् महाकालमन्दिरस्य आधिकारिकतथ्याङ्कानुसारं विगतदिनद्वये (शनिवासरे, अगस्तमासस्य १५, रविवासरे, अगस्तमासस्य १६) प्रायः १४ लक्षं भक्ताः आगताः तदतिरिक्तं अद्य नागपञ्चमीमहोत्सवस्य कृते प्रायः १० लक्षं अधिकाः भक्ताः आगमिष्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति।

दौडस्य मध्ये १३ भक्ताः रोगाक्रान्ता भवन्ति एतादृशस्य विशालस्य जनानां प्रवाहस्य प्रबन्धनं न केवलं जनसमूहनियन्त्रणाय, अपितु उज्जैनस्य पुलिस-प्रशासनिकयन्त्राणां कृते लिटमस-परीक्षा अभवत्। नागचन्द्रेश्वरमन्दिरस्य बहिः जनसमूहस्य दबावात् सहसा १३ भक्ताः रोगाक्रान्ता अभवन्; घटनास्थले उपस्थिताः पुलिस-प्रशासनिकदलाः तत्क्षणमेव तान् जिलाचिकित्सालये प्रेषितवन्तः, यत्र सम्प्रति तेषां चिकित्सा क्रियते। इदानीं मन्दिरप्रशासकः प्रथमकौशिकः अवदत् यत् केषुचित् मीडियाचैनलेषु महाकाल-नागचन्द्रेश्वरमन्दिरेषु भगदड़ः अभवत् इति दावान् कृत्वा भ्रामकसूचनाः प्रसारिताः। सः स्पष्टीकरोति स्म यत् एतादृशी घटना न अभवत्; अपितु कतिपये व्यक्तिः अधिकजनसमूहस्य कारणेन रोगाक्रान्ता भूत्वा चिकित्सायै प्रवेशं प्राप्तवन्तः। नागपञ्चमी-समागमस्य कारणेन, 'सावनसोमवासरस्य' कारणेन च अत्र लक्षशः जनाः समागताः सन्ति। २४०० कार्मिकानां ६०० अधिकारीणां/कर्मचारिणां च तैनाती लक्षशः जनसमूहस्य प्रबन्धनं सुरक्षिततया व्यवस्थिततया च कस्यापि प्रशासनस्य कृते महत्त्वपूर्णा आव्हानं भवति। उज्जैननगरे एषा उत्तरदायित्वं सवेर्षां साझेदारी भवति-वरिष्ठजिल्लाप्रशासनात् पुलिसाधिकारिभ्यः आरभ्य स्थले नियोजितस्य प्रत्येकस्य हवलदारस्य, कर्मचारिणां च यावत्।

## गढ़ापुलिसस्थानस्य बहिः काङ्ग्रेससदस्याः

# विरोधं कुर्वन्ति; बसस्थानकं व्याप्य मद्यपानकैः दुःखिताः महिलाः छात्राः च

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे गढ़ापुलिसस्थानकस्य बहिः काङ्ग्रेससदस्याः विरोधं धर्ना च कृतवन्तः। तेषां कथनमस्ति यत् स्टेशनस्य सम्मुखे स्थिते मेट्रोबसस्थानके मद्यपानकतृणां समागमेन स्थानीयनिवासिनः व्याकुलाः सन्ति। महिलाः छात्राः च अवदन् यत् बसस्थानके प्रातःकालात् रात्रौ यावत् मद्यपानकर्तृभिः व्याप्तं भवति, येन ते अस्य मार्गस्य उपयोगं सर्वथा परिहरन्ति।

स्थानीयजनाः पूर्वं बहुविधशिकायतया पुलिसं आबकारीविभागं च अस्य विषयस्य सूचनां दत्तवन्तः आसन्; तथापि कायार्नुष्ठानस्य अभावात् ते काङ्ग्रेसपक्षेण सह मिलित्वा मंगलवासरे सायं विरोधं कृतवन्तः। मद्यदुकानस्य समीपे काङ्ग्रेससदस्यानां धनावृत्तेः विषये ज्ञात्वा पुलिसाः घटनास्थले आगताः। नगरकाङ्ग्रेससचिवश्रेष्ठसिंहठाकुरस्य नेतृत्वे आन्दोलनकारिणः सीएसपी आशीषजैनस्य समक्षं स्वस्य शिकायतां प्रकटितवन्तः। दुकानस्य समीपे मुक्तक्षेत्रे मद्यस्य सेवनेन वाचिकदुर्व्यवहारस्य, विवादस्य, उच्चैः उपद्रवस्य च नित्यं घटनाः भवन्ति इति निवासिनः अवदन् अनेन विद्यालयस्य बालकानां, महिलानां, राहगीराणां च महती असुविधा भवति। स्थानीयजनानाम् मते मेट्रोबसस्थानकत्वेऽपि दिवारात्रौ मद्यपानकर्तृभिः सङ्कीर्णं भवति। महिलाः छात्राः च सर्वाधिकं कष्टं प्राप्नुवन्ति; एतेषां समूहानां उपस्थित्या बहवः क्षेत्रं सम्पूर्णतया परिहरन्ति। मद्यदुकानेन सम्पूर्णे विपणौ अराजकवातावरणं निर्मितम् इति निवासिनः दावन्ति। काङ्ग्रेसनेतृभिः आरोपः कृतः यत् असामाजिकतत्त्वाः प्रातःकाले आरभ्य दुकानस्य समीपे मुक्ततया मद्यपानं कुर्वन्ति। मत्तव्यवहारः-वाचिक-दुर्व्यवहारः, युद्धं, कोलाहलः च-अलम्बितरात्रौ यावत् निरन्तरं भवति, प्रायः यातायातस्य बाधां जनयति।

## राशिफल

**मेष** : आज रात छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाएं। आज के दिन आपको सेल्फ लव पर फोकस करना चाहिए।

**वृषभ** : एक समय में एक ही काम पर फोकस करें। आज के दिन छोटे-छोटे स्टेप्स पूरे करें।

**मिथुन** : अपने करीबी लोगों के साथ अपनी खुशी शेयर करें। क्लियर प्लान फॉलो करें, विनम्र रहें, और छोटी-छोटी मदद लें।

**कर्क** : साथ ही आप शांत रहेंगे। आज के दिन भविष्य के क्लियर लक्ष्यों पर फोकस करेंगे। स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही न करें।

**सिंह** : आज आप शांत और स्थिर महसूस करेंगे। धीमे कामों को ध्यान से कर पाएंगे। छोटी-छोटी तरक्की से अच्छे नतीजे मिलेंगे।

**कन्या** : छोटे काम आसानी से पूरे हो सकते हैं। बड़ी खरीदारी से बचें और सिर्फ जरूरी खर्चों पर ध्यान दें।

**तुला** :आज के दिन सब्र रखें और क्लियर कदम उठाएं। आराम और आसान एक्सरसाइज से आपकी सेहत को फायदा हो सकता है।

**वृश्चिक** : बातचीत आसानी से सुलझ जाएगी। चुनाव नैचुरल लगेंगे। पहले छोटे-छोटे काम पूरे करें।

**धनु** : कामों को ऑर्गनाइज करें, अचानक बदलाव से बचें। काम के प्रेशर से बचें और बेवजह की टेंशन न लें।

**मकर** : जल्दबाजी न करें। आज के दिन लगातार छोटे-छोटे फैसले दिन खत्म होने तक अच्छे नतीजे दे सकते हैं।

**कुंभ** : अपने पक्के प्लान और सब्र पर भरोसा करें। पैसे का मामला स्टेबल दिख रहा है लेकिन धीरे-धीरे बढ़ेगा।

**मीन** : ग्रुप एक्टिविटी में शामिल हों, जहां बातचीत धीरे-धीरे और नैचुरली हो सके। कीमतों की तुलना करें।

## ज्योतिष/वास्तु

# गुरु का अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश, इन 4 राशि वालों को मिलेगी नौकरी-कारोबार में तरक्की

19 अगस्त 2026 को गुरु बुध के अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। यह बदलाव 4 राशि वालों के लिए विशेष रूप से शुभ माना जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान इन राशियों के जातकों को नौकरी, कारोबार, शिक्षा और आर्थिक मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

वैदिक ज्योतिष में बृहस्पति यानी गुरु को ज्ञान, शिक्षा, धन, करियर और समृद्धि का कारक ग्रह माना जाता है। गुरु की चाल और नक्षत्र परिवर्तन का प्रभाव सभी राशियों पर अलग-अलग देखने को मिलता है। 19 अगस्त 2026 को गुरु बुध के अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। यह बदलाव 4 राशि वालों के लिए विशेष रूप से शुभ माना जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान इन राशियों के जातकों को नौकरी, कारोबार, शिक्षा और आर्थिक मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिलने के साथ आय के साधनों में भी वृद्धि के योग बन सकते हैं। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए गुरु का यह नक्षत्र परिवर्तन लाभकारी रहेगा।



**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों के लिए गुरु का अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश आर्थिक रूप से लाभकारी रह सकता है। लंबे समय से रुके हुए काम गति पकड़ेंगे और आमदनी में बढ़ोतरी के अवसर मिल सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौते या बड़ी डील को अंतिम रूप दिया जा सकता है। धन-संपत्ति से जुड़े मामलों में भी सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। धार्मिक यात्रा का अवसर बन सकता है, जिससे मानसिक शांति भी मिलेगी।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए गुरु का नक्षत्र परिवर्तन कई परेशानियों को कम करने वाला साबित हो सकता है। मानसिक तनाव में कमी आएगी और जीवन में सुख-सुविधाओं का विस्तार हो सकता है। कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल रह सकता है। नौकरी या निजी जीवन से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। महत्वपूर्ण फैसलों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में आती नजर आएंगी।

**धनु राशि-** धनु राशि के जातकों के लिए गुरु का यह गोचर सफलता के नए रास्ते खोल सकता है। नई योजनाओं को अमल में लाने का मौका मिलेगा और कामकाज में बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। व्यापारियों के लिए समय अच्छा रहेगा और कारोबार में प्रदर्शन मजबूत हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। पुराने निवेश से अच्छा रिटर्न प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थियों के लिए भी यह अवधि अनुकूल रह सकती है।

**मीन राशि-** मीन राशि के लिए गुरु का अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश आर्थिक मजबूती लेकर आ सकता है। सरकारी कामकाज में आ रही अड़चनें दूर हो सकती हैं और महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। कारोबार करने वालों को विस्तार के नए अवसर मिलेंगे और किसी नए प्रोजेक्ट या काम की शुरूआत हो सकती है। परिवार का माहौल सुखद रहेगा और माता-पिता के स्वास्थ्य को लेकर भी राहत मिल सकती है।

**गुरु ग्रह को मजबूत करने के उपाय-** प्रत्येक गुरुवार व्रत रखने का प्रयास करें। गुरुवार को चने की दाल, हल्दी, पीले वस्त्र, केले या पीले रंग की मिठाई का दान करें। अपने से बड़े लोगों का सम्मान और उनकी सेवा करें। गुरु, शिक्षक और मार्गदर्शक का आदर करें। जरूरतमंद लोगों की सामर्थ्य के अनुसार सहायता करें।

## पिछले 10 साल से टीम इंडिया नहीं हारी, जीते तो टॉप-8 में पहुंचेंगे

# हॉकी वर्ल्ड कप में आज भारत-पाकिस्तान

ब्रह्मास्त्र ›› एम्सटेलवीन

मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में आज भारत-पाकिस्तान का मुकाबला होगा। पूल-डी का यह मुकाबला वैगनर हॉकी स्टेडियम में शाम 6:30 बजे से से खेला जाएगा।

टीम इंडिया पिछले 10 साल से पाकिस्तान के खिलाफ अजेय है। दोनों टीमों 19 मैच हुए हैं। इनमें भारत 17 मैच जीता, जबकि 2 ड्रॉ रहे। पाकिस्तान ने आखिरी बार साउथ एशियन गेम्स 2016 के फाइनल में भारत को 1-0 से हराया था।

भारत पहला मुकाबला वेल्स से 3-1 से जीता, जबकि इंग्लैंड से 1-4 से हार गया। टीम 2 मैचों में 3 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है। टीम यह मैच जीती तो 6 अंक के साथ अगले राउंड के लिए क्वालिफाई कर जाएगी। वहीं अगर पाकिस्तान हारा तो टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा।

वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच 5 मुकाबले खेले गए हैं। भारत 3 मैच जीता, जबकि 2 में पाकिस्तान को जीत मिली। दोनों टीमों की वर्ल्ड कप में पिछली भिड़ंत 2010 में हुई थी। नई दिल्ली में हुए इस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 4-1 से हराया था।




दोनों टीमों की सबसे यादगार भिड़ंत 1975 के वर्ल्ड कप फाइनल में हुई थी। तब भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर पहली और अपनी इकलौती वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीती थी। इस साल प्रो लीग के यूरोपियन लेग में भी भारत ने पाकिस्तान को लगातार दो मुकाबलों में 7-1 और 4-3 से हराया था।

**53 साल पहले जहां भारत-पाकिस्तान खेले, फिर वहीं मुकाबला-** वैगनर स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच 1973 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल खेला गया था। इस मैच में भारत ने पाकिस्तान को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। बीपी गोविंदा ने 62वें मिनट में गोल किया था। फाइनल भी इसी स्टेडियम में हुआ। तब भारत को मेजबान नीदरलैंड्स से पेनल्टी स्ट्रोक में हार मिली थी।

**हरमनप्रीत सिंह टूर्नामेंट के टॉप गोल स्कोरर-** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल दागे हैं। वे अब तक 2 मैचों में 3 गोल कर चुके हैं। उनके तीनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर आए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ उनसे फिर टीम को गोल की उम्मीद होगी।

## वर्ल्डकप में भारतीय विमेंस हॉकी टीम की सबसे बड़ी जीत




भारत ने विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को 6-1 से हरा दिया। टीम इस जीत के साथ पुल-ऊके पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। टॉप-8 में पहुंचने के लिए टीम को आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रॉ खेलना होगा। हारने कि स्थिति में चीन के खिलाफ साउथ अफ्रीका के जीत की दुआ करनी होगी। भारत की यह जीत विमेंस वर्ल्ड कप में उसकी अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारतीय महिलाओं ने इससे पहले इस टूनार्मेंट में अपनी सबसे बड़ी जीत 1974 में स्पेन के खिलाफ दर्ज की थी। तब भारतीय विमेंस टीम ने 4-1 से जीत हासिल की थी। एम्सटेलवीन में खेले गए पूल-डी के मुकाबले में पहले क्वार्टर में सुनेलिता टोप्पो ने गोल कर भारत का खाता खोला। इसके बाद नवनीत कौर और सुशीला चानू के गोल से भारत ने 3-0 से बढ़त बनाई। फिर दीपिका, लालरेमसियामी और साक्षी राणा ने गोल कर स्कोर 6-0 कर दिया। साउथ अफ्रीका के लिए एकमात्र गोल डी वाल कायला ने 55वें मिनट में किया।

## वर्ल्डकप में भारतीय विमेंस हॉकी टीम की सबसे बड़ी जीत

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत ने विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को 6-1 से हरा दिया। टीम इस जीत के साथ पुल-ऊके पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। टॉप-8 में पहुंचने के लिए टीम को आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रॉ खेलना होगा। हारने कि स्थिति में चीन के खिलाफ साउथ अफ्रीका के जीत की दुआ करनी होगी। भारत की यह जीत विमेंस वर्ल्ड कप में उसकी अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारतीय महिलाओं ने इससे पहले इस टूनार्मेंट में अपनी सबसे बड़ी जीत 1974 में स्पेन के खिलाफ दर्ज की थी। तब भारतीय विमेंस टीम ने 4-1 से जीत हासिल की थी। एम्सटेलवीन में खेले गए पूल-ऊ के मुकाबले में पहले क्वार्टर में सुनेलिता टोप्पो ने गोल कर भारत का खाता खोला। इसके बाद नवनीत कौर और सुशीला चानू के गोल से भारत ने 3-0 से बढ़त बनाई। फिर दीपिका, लालरेमसियामी और साक्षी राणा ने गोल कर स्कोर 6-0 कर दिया। साउथ अफ्रीका के लिए एकमात्र गोल डी वाल कायला ने 55वें मिनट में किया।

# सरकार 5 साल में खेलों पर 36,441 करोड़ रुपये खर्चेगी



### 2036 ओलिंपिक में टॉप-10, 2048 में टॉप-5 आने का टारगेट, पिछली बार 71वां नंबर था

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत सरकार अगले 5 साल में खेलों में 36,441 करोड़ रुपए खर्च करेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण ने मंगलवार को बताया कि खेलो इंडिया योजना के तहत यह पैसा 2026 से 2031 तक खर्च किया जाएगा।

सरकार ने बजट जारी करने के साथ ओलिंपिक के लिए मेडल टारगेट भी तय किए हैं। सरकार का लक्ष्य 2036 ओलिंपिक की मेडल लिस्ट के टॉप-10 और 2048 ओलिंपिक में टॉप-5 देशों में जगह बनाना है।

भारत 2036 ओलिंपिक की मेजबानी करना चाहता है, जबकि 2048 ओलिंपिक में भारत की आजादी के 100 साल पूरे हो चुके होंगे। भारत ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में सिर्फ 6 मेडल जीते थे। मेडल टेली में भारत 71वें स्थान पर था।

2036 में 12-14 गोल्ड समेत कुल 30-35 मेडल और 2048 में 35-40 गोल्ड समेत कुल 90-100 मेडल जीतने का लक्ष्य रखा गया है। इसे हासिल करने के लिए प्रतिभाओं की पहचान, खेल ढांचे में सुधार, कोचिंग की क्वालिटी बढ़ाने, खेल विज्ञान और टेक्नोलॉजी पर फोकस किया जाएगा। एसएआई रीजनल सेंटर मुंबई के क्षेत्रीय निदेशक पांडुरंग चाटे ने कहा कि रिवैंप्ड खेलो इंडिया योजना का मकसद अलग-अलग योजनाओं के बजाय खिलाड़ियों के लिए पूरी खेल यात्रा तैयार करना है।

## खबर एक नजर...

### विवाद के बाद युवक ने खुद के हाथ की काटी नस

**उज्जैन।** हीरामिल की चाल में रहने वाला प्रकाश पिता रामदयाल जाटवा शराब पीने का आदी है। सोमवार रात नशे में गाली-गलौच कर रहा था। उसने पास में रहने वाले बच्चे को मार दिया था। बच्चे का पिता प्रवीण और मां पिंकी उसे समझाने पहुंचे तो प्रकाश ने उनके साथ भी गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। प्रवीण ने उसे थप्पड़ मार दिये। कुछ देर बाद प्रकाश ने खुद ही अपने हाथ की कलाई कलाई काट ली। नस कटने पर तेजी से खून बहने लगा। परिजनों ने उसे देखा तो उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि प्रकाश दोना-पत्तल बनाने का काम करता है और शराब पीने का आदी है। नशे में उसने खुद के हाथ की नस काटी है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना देवासगेट थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने बयान दर्ज कर जांच शुरू की है।

### उधार दिये रुपए मांगना युवक को पड़ गया भारी

**उज्जैन।** इंदिरानगर में रहने वाले इनायत पिता साबीर खान ने कुछ समय पहले दोस्त जितेन्द्र रायकवार निवासी निजातपुरा को रुपए उधार दिये थे। कई दिनों बाद जितेन्द्र सामाजिक न्याय परिसर में दिखाई दिया तो इनायत उससे उधार दिये एक हजार रुपए वापस मांगने पहुंच गया। नशे की हालत में जितेन्द्र ने रुपए देने से मना किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। जितेन्द्र ने हाथपाई के दौरान इनायत की उंगली दांत से काट ली और नुकुली चीज से वार कर भाग गया। घायल इनायत कुछ लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। देवासगेट पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर जितेन्द्र की तलाश शुरू की है।

### दताना हवाई पट्टी के पास पलटी कार, 2 घायल

**उज्जैन।** देवास-उज्जैन मार्ग दताना हवाई पट्टी के पास सोमवार-मंगलवार रात कार पलटी खा गई। कार में सवार संदीप पिता बंशीलाल बोरीवाल और राहुल पिता बाबूलाल चौहान निवासी देवास घायल हो गये। घटनाक्रम की खबर मिलते ही नरवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि संदीप बोरीवाल की कार को तेजगति से आई कार ने पीछे से टक्कर मारी थी। जिसके चलते संदीप का संतुलन बिगड़ गया था और अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकराकर पलटी है। पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया, वहीं संदीप के बयान दर्ज कर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया। घटनाक्रम के बाद टक्कर मारने वाला चालक अपनी कार लेकर मौके से भाग निकला था।

### इमलीघाटी पर मिले युवक की 2 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र के इमलीघाटी से स्वतंत्रता दिवस पर एक युवक को बेहोशी की हालत में एम्बुलेंस चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी। बीमारी के चलते बेहोश होने पर उसे उपचार के लिये भर्ती किया गया था। 2 दिन चले उपचार के बाद युवक की मंगलवार को मौत हो गई। महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया। मृतक का नाम राजेश पिता जगदीश सामने आया। उसके परिजनों की तलाश करने पर सामने आया कि वह इमलीघाटी पर अकेला रहता था, उसकी पत्नी काफी समय पहले छोड़कर चली गई थी। राजेश भिक्षावृति कर जीवन यापन कर रहा था। परिजनों की जानकारी नहीं मिलने पर पोस्टमार्टम के बाद शव दफना दिया गया है।

### हिरासत में 7 महिला-पुरूषों से पूछताछ

**उज्जैन।** नागपंचमी के साथ सावन सोमवार पर निकली बाबा महाकाल की तीसरी सवारी के दौरान वारदात की नियत से आये 7 महिला-पुरूषों को महाकाल पुलिस ने हिरासत में लिया था। जिनसे पूछताछ जारी है। सोमवार को कई श्रद्धालुओं के मोबाइल, चेन, पर्स गायब हुये थे। 14 अगस्त की शाम से देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का ग्राफ बढ़ना शुरू हो गया था। 17 अगस्त की सुबह तक धार्मिक नगरी में 15 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके थे। आस्था के सैलाब में बदमाश भी पहुंचे थे, जिन्होने श्रद्धालुओं की जेब से मोबाइल, पर्स और सोने की चेन गायब कर दी थी। सोमवार को नागपंचमी और सवारी के दौरान दर्जनों मोबाइल, पर्स के साथ चेन चोरी होना सामने आया था। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया था, जिनसे पूछताछ की गई। इस दौरान इंदौर की पांच महिला और फिरोजाबाद के 2 पुरूष संदेह के घेरे में आये। जिनसे मंगलवार देर शाम तक पूछताछ जारी थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 255-2 | 578-0 |
| मेन बाजार | 479-0 | 358-6 |
| मिलन डे | 360-9 | 240-6 |
| मिलन नाइट | 168-5 | 190-5 |

1 4 0

---

मजदूरी के लिये आये मुरैना के बदमाश दिन में काम करते थे और रात को सूने मकानों के तोड़ते थे ताले

# मुरैना की गैंग से 7 चोरी की वारदातों का हुआ खुलासा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नर्मदा परियोजना में बन रही पानी की टंकी पर मजदूरी के लिये आये मुरैना के बदमाश दिन में काम करते थे और रात को सूने मकानों के ताले तोड़ते थे। बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा तो चार थाना क्षेत्र में हुई सात चोरी की वारदातों का खुलासा हो गया।

भाटपचलाना क्षेत्र में एक माह के दौरान चार चोरी की वारदात हो गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान परिवारों के यहां हो रही चोरी में शामिल बदमाशों की धरपकड़ के लिये ग्रामीण एएसपी करणदीपसिंह ने अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा बेछोटे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित की। ग्रामीण क्षेत्रों से प्रमुख मार्गो पर लगे 100 के लगभग सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। चार से पांच बदमाशों का बाइक पर मूवमेंट दिखाई दिया। टीम ने रूट ट्रेस कर पुलिस की टीम उन्हेल तक पहुंच गई। जहां किराये से मकान लेकर रहने वाले राहुल उर्फ बल्ली पिता सुरतराम कुशवाह 32 साल, अंकित पिता जीवाराम जाटव 26 साल, विजय पिता भगवानसिंह कुशवाह 30 साल, पन्नालाल पिता रामदास जाटव 36 साल और एंदलसिंह पिता मुंशी गुर्जर 44 साल निवासी नाका थाना माता बसैया मुरैना को पकड़ा गया। पांचों को पूछताछ के लिये भाटपचलाना लाया गया। जहां पूछताछ में पांचों नर्मदा परियोजना में बन रही पानी की टंकी पर मजदूरी करना बताने लगे। लेकिन कैमरों से मिले सुराग के आधार पर सख्ती से पूछताछ की गई तो पांचों ने दिन में मजदूरी और रात में ग्रामीण क्षेत्रों के सूने मकानों को निशाना बनाना कबूल कर लिया। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि बदमाशों से भाटपचलाना में हुई चार, नागदा, इंगोरिया और उन्हेल में हुई 1-1 चोरी की वारदातों का खुलासा हो गया। सात वारदातों का सुराग मिलने पर बदमाशों का रिमांड पर लिया गया और किराये के मकान में छुपाकर रखे गये 8.75 लाख के आभूषण, 1.52 लाख नगद और चोरी में प्रयुक्त एक लाख कीमत की 2 बाइक के साथ बदमाशों से ताला तोड़ने का बोल्ट कटर, टामी, सब्बल, पेचकस जप्त किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार मजदूरी के आड़ में शिवपुरी, मुरैना, ग्वालियर, पन्ना के साथ उज्जैन में करीब 15 चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके है। बदमाशों में शामिल राहुल उर्फ बल्ली के खिलाफ 15, अंकित पर 7, विजय पर 8 और पन्नालाल के खिलाफ 8 अपराधिक मामले पूर्व में दर्ज होना सामने आये है। चोरियों का खुलासा होने पर इंगोरिया, नागदा और उन्हेल पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिये भाटपचलाना पहुंच गई थी। भाटपचलाना पुलिस ने रिमांड खत्म होने पर बदमाशों को जेल भेजा है।





### सिकलीगरों ने तोड़े थे नागदा में मकानों के ताले

नागदा पुलिस ने पिछले 8-9 माह के दौरान हुई 2 बड़ी चोरी की वारदातों में धार-खरगोन के तीन सिकलीगरों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि सितंबर 2025 में ग्राम मोहना के जगदीश और एक माह पहले सुनील नगर में रहने वाले आजाद के मकान में चोरी होना सामने आया था। वारदात के बाद फुटेज मिले थे। जिसके आधार पर बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। सुराग मिलने पर धार के गंधवानी में रहने वाले दीपक पिता समंदरसिंह उर्फ लुलिया भाटिया, शिवराज पिता हरपालसिंह छाबड़ा और खरगोन के सिगनूर निवासी रतलाम पिता नहारसिंह को गिरफ्तार किया गया। तीनों सिकलीगर है और चाबी बनाने का काम करते है। इसी की आड़ में नागदा आकर दोनों मकानों में वारदात की थी। तीनों की निशानदेही पर 27.50 लाख के आभूषण, 70 हजार नगद और 50 हजार कीमत की बाइक बरामद की गई है। थाना प्रभारी गवरी के अनुसार लम्बी तलाश के बाद सिकलीगरों को गिरफ्तार करने में साइबर सेल एसआई प्रतीक यादव के साथ एएसआई अरविंद गणावा, प्रधान आरक्षक प्रकाश यादव, सुशील मिश्रा, विनोद माली और टीम की भूमिका रही।

---

बाइक सवार परिवार को बस चालक ने कुचला

# दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी-पुत्र घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाइक सवार परिवार को मंगलवार शाम बस चालक ने कुचल दिया। दुर्घटना में पति-पत्नी और पुत्र गंभीर घायल हो गये थे, जिन्हे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन पति की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बस चालक की तलाश जारी है।

माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि विक्रमनगर रिंगरोड पर कोठी की ओर आने वाले मार्ग पर शाम को बाइक सवार परिवार को तेजगति से दौड़ती बस ने कुचल दिया था। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। बाइक सवार परिवार गंभीर घायल हो गया था, लोगों की मदद से उन्हे अस्पताल भेजा गया, सूचना मिलते ही पुलिस रिंगरोड पहुंच गई थी। अस्पताल पहुंचने के बाद सामने आया कि दुर्घटना में घायल सादिक पिता अफजल बेग निवासी नरवर की मौत हो चुकी थी। उसकी पत्नी सानाबी और पुत्र रेहान घायल है। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर मृतक का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिवार अस्पताल पहुंच गया था। मृतक की घायल पत्नी के बयान और परिजनों से पूछताछ के बाद सामने आ पायेगा कि तीनों कहां से कहां जा रहे थे। बस का नम्बर सामने आ चुका है। जिसके आधार पर चालक की तलाश जारी है।



### इधर मक्सीरोड पर दुर्घटना में 2 की मौत

रात 10 बजे के लगभग पंवासा थाना क्षेत्र के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर और श्री सिंथेटिक्स चौराहा के बीच लोडिंग वाहन और बाइक में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना काफी भयावह थी, बाइक के परखच्चे उड़ गये, वहीं लोडिग वाहन भी आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। बाइक पर सुरेश पिता मोहन दायमा 35 साल और गज्जू पिता बाबूदास बैरागी 31 साल निवासी पाटपाला सवार थे। दोनों गंभीर घायल हुये थे। उन्हे चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पंवासा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। लोड़िग वाहन क्रमांक एमपी 42 जी 4199 छोड़कर चालक भाग निकला था। पुलिस ने नम्बर के आधार पर जांच कर रही है। मृतकों का बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

---

## पुलिस ड्युटी में व्यस्त, बदमाश कालोनियों में मस्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वतंत्रता दिवस से नागपंचमी पर ड्युटी में व्यस्त पुलिस का फायदा बदमाशों ने उठाया। 2 दिनों में एक ही थाना क्षेत्र में तीन स्थानों पर नकबजनी हो गई। अब पुलिस जांच में लगी है, नकबजनी स्थलों से फीगंर प्रिंट लेकर कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है।

15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर मुस्तैद हुई पुलिस 17 अगस्त को नागपंचमी के साथ सावन माह का तीसरा सोमवार होने पर बाबा महाकाल की सवारी में पहुंच रहे लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था में व्यस्त हो गई थी। नागपंचमी पर वर्ष में एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर को लेकर 24 सौ से अधिक पुलिस अधिकारी और जवानों की 40 घंटे तक ड्युटी मंदिर क्षेत्र से लेकर मंदिर पहुंचने वाले मार्गो पर लगाई गई थी। जिले के थानों में पुलिसकर्मियों की संख्या काफी कम रह गई थी। इसी का फायदा बदमाशों ने उठाया और चिमनगंज थाना क्षेत्र की तिरूपति गोल्ड कालोनी के 2 मकानों और आगररोड स्थित एक कालोनी के मकान का ताला तोड़कर नकबजनी की वारदात को अंजाम दे दिया। तीनों मकान सूने थे, वहां रहने वाले परिवार बाहर गये थे। 2 दिन में हुई नकबजनी की वारदात के बाद ड्युटी से फ्री हुई पुलिस ने मामलों में संज्ञान लिया है। बदमाशों की तलाश में कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। बदमाशों का सुराग तलाशने के लिये फिगंर प्रिंट लिये गये है।

---

## सुरेन्द्र यादव बने ग्रामीण कांग्रेस सेवादल के जिला महासचिव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ग्राम अम्बोदिया (गंभीर डेम) तहसील घटिया निवासी सुरेन्द्र यादव को उज्जैन जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल का महासचिव नियुक्त किया गया है। कांग्रेस संगठन के प्रति उनकी सक्रिय निष्ठा और किए गए कार्यों को देखते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी ने उनका नियुक्ति पत्र जारी किया। यह मनोनयन मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अवनीश भार्गव की सहमति और विधायक महेश परमार की अनुशंसा पर किया गया है। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त महासचिव सुरेन्द्र यादव से अपेक्षा की है कि वे संगठन के निदेशों का पालन करते हुए पूरी सक्रियता से कार्य करेंगे। इस नियुक्ति की सूचना मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल भोपाल के अध्यक्ष और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी उज्जैन के अध्यक्ष को भी प्रेषित की गई है।

---

गगूल पर ऑनलाइन रैकी कर चोरी करते थे ब्रांडेड सिगरेट

# महेश्वरी एजेंसी में हुई वारदात का आज होगा खुलासा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दशहरा मैदान स्थित महेश्वरी एजेंसी में हुई लाखों की ब्रांडेड सिगरेट चोरी को ऑनलाइन रैकी कर अंजाम दिया गया था। बदमाश मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से लाखों की सिगरेट चोरी कर चुके थे। महेश्वरी एजेंसी के गोदाम में जून माह के दूसरे सप्ताह में हुई चोरी का आज खुलासा किया जायेगा।



बताया जा रहा है कि पिछले दिनों गुजरात वलसाड़ क्राइम टीम ने चैकिंग के दौरान किया सोनेट क्रमांक एमएच 12 डब्ल्यू झेड 1753 को रोका था। जिसमें अलग-अलग ब्रांड की सिगरेट के सैकड़ो पैकेट भरे होना सामने आये थे। कार में सवार 2 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो मामला ब्रांडेड सिगरेट चोरी का होना सामने आया। पुलिस ने कार के साथ सिगरेट, सवा लाख से अधिक नगद और पांच मोबाइल बरामद किये। दोनों ने कबूल किया कि वह सिगरेट चोरी करते है। अब तक मध्यप्रदेश के उज्जैन, महाराष्ट्र, गुजरात में वारदात कर चुके है। वलसाड पुलिस ने पांच चोरी का खुलासा किया। जिसमें उज्जैन के माधवनगर थाना क्षेत्र स्थित दशहरा मैदान महेश्वरी एजेंसी में हुई चोरी शामिल है। जानकारी सामने आई है कि दोनों बदमाश गगूल पर ऑनलाइन रैकी करते थे और सिगरेट के थोक व्यापारियों और आईटीसी एजेंसी के गोदाम को सर्च करते थे। जिसके बाद दिन में आकर रैकी करते थे और रात में वारदात कर फरार हो जाते थे। वारदात में चोरी की कार का उपयोग करते थे, कार चोरी करने के लिये वह सैकेंड हैंड कारों की दुकानों पर पहुंचते थे, जहां से पहले चाबी चोरी करते थे। वहीं कारो की नम्बर प्लेट भी चुरा लेते थे। गोदाम-एजेंसी में चोरी के बाद कार छोड़कर भाग निकलते थे।

---

# नीलकंठ द्वार से महाकाल चौराहा तक चौड़ी होगी सड़क

**11 करोड़ की लागत से होगा 400 मीटर लंबे मार्ग का विकास, 127 भवन प्रभावित, मार्किंग और नपती पूरी, जल्द जारी होंगे नोटिस**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के तहत शहर के प्रमुख मार्गो के चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। नीलकंठ द्वार से महाकाल चौराहा तक करीब 400 मीटर लंबे मार्ग को 24 मीटर चौड़ा करने की योजना पर प्रारंभिक कार्रवाई शुरू हो गई है। करीब 11 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित इस सड़क विकास कार्य के दायरे में 127 भवन प्रभावित होंगे।

**सड़क की सीमा तय करने के लिए नपती और मार्किंग पूरी** - राज्य शासन से स्वीकृत राशि एवं सिंहस्थ मद के तहत प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के लिए नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर मार्ग की नपती और सड़क सीमा की मार्किंग का कार्य पूरा कर लिया है। मार्किंग के माध्यम से प्रस्तावित 24 मीटर सड़क की सीमा निर्धारित करने के साथ प्रभावित भवनों का भी चिन्हांकन किया गया है।

**प्रभावित भवनों की जुटाई जा रही जानकारी-** नगर निगम द्वारा प्रभावित क्षेत्र और भवनों की स्थिति का परीक्षण किया जा रहा है। मौके पर की गई नपती और मार्किंग के आधार पर आवश्यक जानकारी संकलित की जा रही है। इसके बाद नियमानुसार संबंधित भवन मालिकों को नोटिस जारी किए जाएंगे।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर भवन निरीक्षक सौम्या चतुर्वेदी एवं निगम की टीम ने स्थल का निरीक्षण कर नपती और मार्किंग की कार्रवाई की। टीम द्वारा प्रस्तावित सड़क सीमा के अनुसार प्रभावित संपत्तियों से संबंधित आवश्यक विवरण भी जुटाया जा रहा है।




### सिंहस्थ के दौरान बढ़ने वाले दबाव को देखते हुए अहम मार्ग

नीलकंठ द्वार से महाकाल चौराहा तक का मार्ग शहर के महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल है। महाकाल मंदिर क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण यहां सामान्य दिनों में भी श्रद्धालुओं और नागरिकों की आवाजाही रहती है। सिंहस्थ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या और यातायात का दबाव कई गुना बढ़ने की संभावना को देखते हुए मार्ग को चौड़ा करने की योजना तैयार की गई है।

### यातायात सुगम बनाने पर जोर

नगर निगम के प्रस्तावित कार्य का मुख्य उद्देश्य सड़क की क्षमता बढ़ाने के साथ यातायात को अधिक व्यवस्थित और सुगम बनाना है। सड़क चौड़ीकरण एवं विकास कार्य पूरा होने के बाद इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी। साथ ही सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने में यह मार्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

---

## डूबती युवती को देख होमगार्ड सैनिक ने लगाई छलांग



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रामघाट पर मंगलवार सुबह क्षिप्रा नदी में डूबती युवती को होमगार्ड सैनिक राजेन्द्र डाबी ने देखा तो बचाने के लिये छलांग लगा दी। सैनिक ने कुछ देर में युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। युवती मुस्कान पिता रतनलाल 19 साल निवासी खिलचीपुर राजगढ़ की रहने वाली थी। जो परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आई थी और क्षिप्रा स्नान के लिये रामघाट पहुंची। उसे क्षिप्रा की गहराई का अंदेशा नहीं था, घाट पर पैर फिसलने वह गहरे पानी में चली गई थी। मुस्कान की जान बचने पर परिवार ने सैनिक की तत्परता की सराहना की और आभार माना। होमगार्ड/एसडीआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि श्रावण माह के चलते प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु क्षिप्रा नहान के लिये पहुंच रहे है। जिनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिये क्षिप्रा के घाटों पर 130 से अधिक सैनिकों की सुरक्षा उपकरणों के साथ तैनाती की गई, जो तीन शिफ्ट में लगाकर घाटो पर पेट्रोलिंग कर रहे है। सैनिक राजेन्द्र डाबी द्वारा खुद की जान की परवाह किये बिना युवती को बचाने का साहस दिखाया है। उसकी बहादूरी को देखते हुये पुरूस्कृत किया जायेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com